दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732

वर्षः 01 | अंक : 103 | जयपुर | 21 नवंबर 2022 | सोमवार | मूल्यः रु. 5 | पृष्ठ : 06



## भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रन से हराया

न्यूजीलैंड के माउंट मॉन्गनुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए दूसरे टी-20 मैच में टीम इंडिया ने कीवी टीम को 65 रन से हरा दिया है। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज में भारत ने 1-0 से बढ़त बना ली है। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 191 रन बनाए थे। सूर्यकुमार यादव ने अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर की दूसरी सेंचुरी लगाई। उन्होंने 51 बॉल में 111 रन की नाबाद पारी खेली। सूर्या ने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल शतक लगाया था। उनके अलावा सबसे ज्यादा 36 रन ईशान किशन ने बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 126 रन पर ऑल-आउट हो गई। सबसे ज्यादा 4 विकेट दीपक हुड्डा ने लिए। वहीं, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज को 2-2 सफलताएं मिलीं। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान विलियमसन ने 52 बॉल पर 61 रन बनाए।



## श्रद्धा का सिर ढूंढने तालाब खाली करा रही है पुलिस

नई दिल्ली. श्रद्धा मर्डर केस में रोज नए खुलासे सामने आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली पुलिस को आफताब ने बताया है कि उसने श्रद्धा का सिर दिल्ली के एक तालाब में फेंका है। इसके बाद दिल्ली पुलिस रविवार शाम छतरपुर जिले के मैदान गढ़ी पहुंची और यहां मौजूद एक तालाब खाली करा रही है। गोताखोरों को भी बुलाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस कुछ देर पहले आफताब को यहां लेकर आई थी। उसने कबूल किया है कि श्रद्धा के सिर को इसी तालाब में फेंका था। मर्डर वेपन भी गायब है। इधर, पुलिस ने छतरपुर जिले के महरौली जंगल से अब तक 17 हड्डियां बरामद की हैं, उन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं, सोमवार को आफताब का नार्को टेस्ट भी हो सकता है। पुलिस ने इसके लिए 40 सवालों की लिस्ट तैयार की है। इससे पहले दिल्ली पुलिस श्रद्धा की हत्या के सीन रिक्रिएट करने के लिए रविवार सुबह आफताब के घर पहुंची है। इससे पहले शनिवार को दिल्ली पुलिस के हाथ 18 अक्टूबर का फुटेज लगा है। इसमें सुबह चार बजे आफताब बैग ले जाते हुए देखा गया। पुलिस को शक है कि वह श्रद्धा के बॉडी के टुकड़ों को फेंकने गया था। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने महरौली वाले फ्लैट से सारे कपड़ों को जब्त कर लिया है। इनमें श्रद्धा के कपड़े भी शामिल हैं।



## कांग्रेस नेता महाबल मिश्रा आप में शामिल

नई दिल्ली. दिल्ली नगर निगम के चुनाव को लेकर कांग्रेस को झटका लगा है। दिग्गज नेता महाबल मिश्रा रविवार को आप में शामिल हो गए। सीएम केजरीवाल ने पहाड़गंज रैली के दौरान मिश्रा का पार्टी में स्वागत किया। महाबल मिश्रा के बेटे विनय मिश्रा द्वारका से आप के विधायक हैं। उधर, भारतीय जनता पार्टी आज राष्ट्रीय राजधानी में 14 रोड शो करेगी। भाजपा का यह पावर-पैक रोड शो अलग-अलग जिलों में आयोजित हो रहे हैं। इसे लेकर दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट किया आज बीजेपी दिल्ली पर हमला करने जा रही है। इनके कई राजा महाराजा अपनी अपनी सेनाएं लेकर चारों तरफ से दिल्ली पर हमला कर रहे हैं। लेकिन जैसे अभी तक दिल्ली के लोगों ने बीजेपी और इनके एलजी के हमलों का वीरता के साथ सामना किया, वैसे ही आज भी दिल्ली की जनता इनको करारा जवाब देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एमसीडी चुनाव में भाजपा और आप से 250-250 वैध उम्मीदवार हैं। वहीं, कांग्रेस के तीन नामांकन रद्द हुए, कांग्रेस सिर्फ 247 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



# शिवाजी महाराज ने औरंगजेब से 5 बार मांगी थी माफी...

### बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विवादित बयान में कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने पांच बार औरंगजेब को पत्र लिखकर माफी मांगी थी, बयान के बाद महाराष्ट्र में संग्राम छिड़ गया

मुंबई. महाराष्ट्र में सियासी घमासान जारी हैं। फिलहाल राज्य में विवादित बयानों की बयार बह रही है। वीर सावरकर, छत्रपति शिवाजी महाराज, इतिहास और विवादित बयान के चलते महाराष्ट्र का राजनीतिक और सामाजिक पारा इन दिनों गरमाई है। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा शिवाजी महाराज को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद अब एक नया विवादित बयान सामने आया है। यह बयान बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दिया है। सुधांशु त्रिवेदी ने अपने बयान में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने पांच बार औरंगजेब को पत्र लिखकर माफी मांगी थी। सुधांशु त्रिवेदी के इस बयान के बाद महाराष्ट्र में संग्राम छिड़ गया है। त्रिवेदी ने यह बयान एक निजी चैनल के डिबेट शो में बातचीत के दौरान दिया है। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और सुधांशु त्रिवेदी की जमकर आलोचना की जा रही है। बीजेपी राष्ट्रिय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के इस विवादित बयान के बाद शिवसेना के सांसद संजय राउत ने उन पर जमकर हमला बोला है। सुधांशु त्रिवेदी ने शिवाजी महाराज का अपमान किया है। सत्ता के लालच में बीजेपी की गोद में बैठ स्वाभिमान की भाषा बोलने वाले महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे अब चुप क्यों हैं? संजय राउत ने सवाल किया है कि क्या शिवाजी का अपमान क्या आप सहन कर सकते हैं? दूसरी तरफ उद्धव गुट के एक अन्य प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि जिस छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम सुनकर जिस औरंगजेब को रात भर नींद नहीं आती थी। जिस शिवाजी की वीर सेना ने मुगलों की नाक में दम कर दिया था। उस वीर शिवाजी के बारे में बीजेपी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ऐसी बात कह रहे हैं। शायद सुधांशु त्रिवेदी इतिहास पूरा जानकारी नहीं जानते है। पीएम दूसरों को ज्ञान बांटने की बजाय अपने प्रिय प्रवक्ता को इतिहास की किताब पढ़ने की सलाह देते। छत्रपति शिवाजी महाराज के अपमान को महाराष्ट्र का एक भी बच्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। शिवाजी महाराज केवल महाराष्ट्र के ही नहीं बल्कि संपूर्ण देशवासियों के लिए श्रद्धा और प्रेरणा के स्त्रोत हैं।





### एनसीपी और कांग्रेस ने भी बोला हमला

इस मुद्दे पर एनसीपी ने भी बीजेपी पर जमकर हमला बोला हैं। एनसीपी के प्रवक्ता महेश तपासे ने कहा कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और सुधांशु त्रिवेदी के बयान पर बीजेपी को माफी मांगनी चाहिए। महाराष्ट्र की जनता और एनसीपी शिवाजी का अपमान बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगी। महेश तपासे ने सुधांशु त्रिवेदी से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आप जानते हैं कि किन कदहिनाईयों में शिवाजी महाराज ने मुगलों को महाराष्ट्र से बाहर भगाया था। आपको शिवाजी महाराज का बार बार अपमान करने का अधिकार किसने दिया है? महेश तपासे ने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के लोगों की आत्मा है, उनकी सांस और उनका प्राण हैं। उनके ऊपर कोई भी विवादित टिप्पणी बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं एनसीपी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि शिवाजी महाराज ने 5 बार औरंगजेब से पत्र लिखकर माफी मांगी, यह कहने वाला कोई मूर्ख ही होगा। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी अपने विवादित बयान के लिए माफी मांगे, वरना महाराष्ट्र में बीजेपी नेताओं का बाहर निकलना मुश्किल हो जायेगा।

# 1 लाख की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार

### मुकदमे में नाम हटाने के बदले मांगे थे 2 लाख

सीकर. सीकर एसीबी ने रविवार को एक लाख की रिश्वत लेते हुए एक दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दलाल ने यह रिश्वत जयपुर के चौमूं में अवैध शराब के मुकदमे से नाम हटाने की एवज में मांगी थी। दलाल शनिवार को एक लाख रुपए पहले ही ले चुका था। एसीबी ने आरोपी दलाल को उसके घर से ही गिरफ्तार किया है। परिवादी राजू जाखड़ ने बताया कि शनिवार उनके पास सीकर के दासा की ढाणी के रहने वाले महिपाल जाखड़ का इंटरनेशनल नंबर से कॉल आया जिसने राजू जाखड़ को कहा कि जयपुर के चौमू में अवैध शराब के मुकदमे में उनका नाम आया है। आरोपी महिपाल ने राजू को कहा कि उसकी वहां पुलिस अधिकारियों से जानकारी है। ऐसे में वह एफआईआर से राजू जाखड़ का नाम हटवा देगा। जिसके बदले रुपए देने होंगे। आरोपी महिपाल ने 3 लाख रुपए की मांग की। जिसके बाद 2 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। एक लाख रुपए कल महिपाल ने अपने परिचित सरपंच उर्फ रामलाल के जरिए सीकर के जयपुर झुंझुनू बायपास पर एक दुकान पर परिवादी राजू जाखड़ से ले लिए। बाकी बचे हुए एक लाख रुपए आरोपी ने रात को 8 बजे देने को कहा। फिर रविवार सुबह घर पर पैसे देने की बात कही। इसी बीच परिवादी ने एसीबी में शिकायत दी और आज सुबह 9 बजे एसीबी ने आरोपी को उसके घर पर ही एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी उप अधीक्षक राजेश जांगिड़ ने बताया कि मामले में कुछ पुलिसकर्मी भी शामिल हो सकते हैं। फिलहाल मामले की इन्वेस्टिगेशन जारी है। आरोपी के घर पर सर्च किया जा रहा है। परिवादी राजू जाखड़ ने बताया कि जिस मुकदमे से उनका नाम हटाने की एवज में आरोपी महिपाल ने रुपए मांगे उसमें वह शामिल भी नहीं थे। हालांकि वह महिपाल से पहले परिचित थे। शनिवार को जैसे ही उन्होंने दोपहर करीब एक बजे एक लाख रुपए महिपाल के आदमी को दिए उसके करीब 25 मिनट बाद ही महिपाल ने राजू जाखड़ को एफआईआर भेजी जिसमें उनका नाम भी नहीं था। राजू जाखड़ झुंझुनूं में शराब और माइंस का काम करते हैं।



## अशोक गहलोत राहुल गांधी संग सूरत-राजकोट में करेंगे जनसभाएं

जयपुर. राजस्थान सीएम और गुजरात चुनाव में कांग्रेस पार्टी के सीनियर ऑब्जर्वर अशोक गहलोत सोमवार को राहुल गांधी के साथ गुजरात के सूरत और राजकोट में चुनावी जनसभाएं करेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में गहलोत गुजरात के प्रभारी थे, तब भी उन्होंने राहुल गांधी के साथ कई सभाएं गुजरात में की थीं। कांग्रेस ने वहां अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन जीत हासिल नहीं हो सकी। गहलोत और राहुल का गुजरात दौरा इसलिए भी अहम है, क्योंकि विपक्ष लगातार यह आरोप लगा रहा है कि राहुल गांधी ने गुजरात में भारत जोड़ो यात्रा नहीं निकाली, राहुल गुजरात में दौरा नहीं कर रहे हैं। इस बीच राहुल के गुजरात जाने और जनसभाएं करने से बड़ा पॉलिटिकल मैसेज भी दिया जाएगा। सूत्र बताते हैं राहुल के भाषण में शामिल होने वाले महत्वपूर्ण पॉइंट्स खुद सीएम अशोक गहलोत और प्रभारी डॉ रघु शर्मा तैयार करवा रहे हैं। अशोक गहलोत गहलोत गुजरात के दौरे पर हैं। रविवार को गहलोत अहमदाबाद से स्पेशल प्लेन से सूरत पहुचेंगे। रात को सूरत में ही स्टे करेंगे। तय प्रोग्राम के मुताबिक 21 नवंबर की दोपहर में राहुल गांधी के साथ गहलोत सूरत में गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गुजरात प्रभारी डॉ रघु शर्मा समेत कई सीनियर कांग्रेस नेता इस दौरान मंच पर मौजूद रहेंगे। इसके बाद शाम 4.15 बजे राहुल गांधी, अशोक गहलोत, डॉ रघु शर्मा सूरत से स्पेशल प्लेन से राजकोट जाएंगे। शाम 5 बजे तीनों नेता राजकोट पहुंचेंगे। राजकोट में भी राहुल,गहलोत और डॉ रघु शर्मा जनसभा को संबोधित कर चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करने और सत्ता परिवर्तन की अपील गुजरात के वोटर्स से करेंगे। रात 8 बजे सीएम अशोक गहलोत का राजकोट से स्पेशल प्लेन से राजस्थान के उदयपुर रवाना होने का प्रोग्राम है। गहलोत रात 9 बजे उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचकर वहां नाइट स्टे करेंगे। सीएम गहलोत 22 नवंबर को सुबह 10.30 बजे उदयपुर से हेलिकॉप्टर से उड़ान भरकर 11 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेंगे। जहां भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी और स्व. राजीव गांधी की प्रतिमाओं का अनावरण और विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण समारोह इंदिरा गांधी स्टेडियम में रखा गया है। गहलोत समारोह को संबोधित करने के बाद दोपहर 12.45 बजे चित्तौड़गढ़ से पाली के लिए रवाना होंगे। इंदिरा गांधी स्टेडियम में 42 साल पहले 1979 में लोकसभा चुनाव से पहले इंदिरा गांधी ने भाषण दिया था। उसी जगह उनकी 4.5 क्विंटल वजनी प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इसके अलावा इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में भी उनका पोर्ट्रेट लगाया जाएगा। राजीव गांधी गार्डन में राजीव गांधी की प्रतिमा लगाई जाएगी और इसका अनावरण भी सीएम अशोक गहलोत करेंगे।



## नर्मदा डैम प्रोजक्ट को रोकने वाले कांग्रेस नेता के साथ पदयात्रा कर रहे: नरेंद्र मोदी

गांधीनगर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी राज्य गुजरात में तीन दिवसीय दौरे पर हैं। आज अपने दौरे के दूसरे दिन वे सुबह सोमनाथ मंदिर पहुंचे। इसके बाद वेरावल, धोराजी, बोटाद में जनसभा को संबोधित किया। धोराजी की जनसभा में उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनकी भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा नर्मदा डैम परियोजना को तीन दशक तक ठप रखने वाली महिला के साथ एक कांग्रेस नेता पदयात्रा निकालते नजर आए हैं। कांग्रेस से पूछिए कि जो लोग नर्मदा बांध के खिलाफ थे, उनके कंधों पर हाथ रखकर आप पदयात्रा निकाल रहे हैं। इसके चलते विश्व बैंक के एक पैसा भी गुजरात नहीं पहुंच सका था। अगर हमने नर्मदा प्रोजेक्ट को आगे न बढ़ाया होता तो आज क्या होता?' सोमनाथ मंदिर में पीएम ने भगवान भोलेनाथ का पंचामृत अभिषेक किया। चांदी के कलश से शिव जी को जल चढ़ाया। सोमनाथ द्वादश ज्योर्तिलिंग में शामिल है। पीएम पांच साल बाद सोमनाथ पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2017 में यहां आए थे। वेरावल की रैली में पीएम ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है। पीएम ने जनता से वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि इस बार पोलिंग बूथ में सारे रिकॉर्ड तोड़ देना है। पीएम ने आगे कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं कि तुम इतनी दौड़-भाग क्यों करते हो। मैं उन्हें बताता हूं कि मैं इसलिए इतनी दौड़-भाग करता हूं, क्योंकि ये मेरा कर्तव्य है। आपके लिए मैं अपना कर्तव्य निभाता हूं तो आपको भी वोट देकर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। पीएम ने कहा कि दो दशक पहले तक गुजरात कितना पिछड़ा था। समुद्र किनारे के इलाकों में सिर्फ खारा पानी था। हमारे लिए पीने का पानी तक नहीं था। लेकिन, आज गुजरात कहां है, इसे पूरी दुनिया देख रही है। आज समुद्र किनारे का यह एरिया पूरी दुनिया में चमक रहा है।



### लाईमस्टोन के विपुल भण्डार से राज्य में 24 सीमेंट प्लान्ट में करीब 50,000 करोड का निवेश

# रामगढ़ लाईमस्टोन ब्लॉक की नीलामी से 50 साल में मिलेगा 3255 करोड़ का राजस्व

जयपुर। जैसलमेर के रामगढ़ लाईमस्टोन ब्लॉक की सफल नीलामी से राज्य को अगले 50 सालों में 3255 करोड़ 61 लाख रु. का राजस्व प्राप्त होगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य में इस वित्तीय वर्ष में जहां मेजर मिनरल लाइमस्टोन में नागौर के बाद अब दूसरे ब्लॉक की जैसलमेर में सफल नीलामी की गई है वहीं इस वित्तीय वर्ष में लाईमस्टोन के ही पांच और नए ब्लॉकों की नीलामी की तैयारी की जा रही है। एसीएस माइंस ने बताया कि देश में सीमेंट ग्रेड लाईमस्टोन का सर्वाधिक लगभग 20 प्रतिशत उत्पादन राजस्थान में हो रहा है। लाईमस्टोन के विपुल भण्डार के कारण ही राज्य में स्थापित 24 सीमेंट प्लान्ट में लगभग 50 हजार करोड का निवेश है। उन्होंने बताया कि राज्य में मेजर मिनरल लाईमस्टोन के 18 ब्लॉक नीलाम किए जा चुके हैं जिसमें से पिछले दो सालों में 13 और इस साल दो ब्लॉक की नीलामी की जा चुकी है। इससे प्रदेश में 50 सालों में करीब एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त होगा वहीं सीमेंट उद्योग से राज्य को प्राप्त होने वाली आय के साथ ही हजारों की संख्या में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में खनिज खोज को बढ़ावा देने और वैध खनन को प्रोत्साहित करने के लिए अधिक से अधिक खनिज ब्लॉक तैयार कर नीलामी के निर्देश दिए हैं। इसी का परिणाम है कि राज्य सरकार द्वारा नए खनिज ब्लॉक तैयार कर भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से नीलामी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे नीलामी व्यवस्था में पारदर्शिता के साथ ही प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है। खान मंत्री प्रमोद जैन भाया लगातार मोनेटरिंग करते हुए दिशा-निर्देश दे रहे हैं।



एसीएस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जैसलमेर के रामगढ़ लाईमस्टोन ब्लॉक के 256 हैक्टेयर क्षेत्रफल में जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया की रिपोर्ट के अनुसार 177.85 मिलियन टन लाईमस्टोन के भण्डार अनुमानित किए गए हैं। इनमें से 8.08 टन एसएमएस ग्रेड, 4.10 टन केमिकल ग्रेड व 167.57 टन लाईमस्टोन सीमेंट ग्रेड का संभावित है। उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों, विभाग व केन्द्र सरकार की वेबसाइट पर व्यापक प्रचार के साथ ही भारत सरकार के एमएसटीसी पोर्टल पर ई नीलामी से यह ब्लॉक 21.55 प्रतिशत प्रीमियम पर डालमिया भारत ग्रीन वीजन को नीलाम हुआ है। इससे पहले इसी वित्तीय वर्ष में नागौर में एक ब्लॉक नीलाम किया गया है। निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि इस वर्ष लाईम स्टोन के पांच और नए ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी जिसमें कोटा के नीमाना-दुनिया में एक व बांसवाड़ा के परथीपुरा में चार ब्लॉकों की नीलामी की तैयारी की जा रही है। नायक ने बताया कि विभाग द्वारा वर्ष 20-21 में जैसलमेर में दो व नागौर में एक ब्लॉक की नीलामी की गई वहीं 21-22 में झुन्झुनू में दो, नागौर में 3, व चित्तोड़ और जैसलमेर में एक-एक ब्लॉक की नीलामी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इनकी नीलामी से प्रदेश में राजस्व के रुप में प्रीमियम राशि, रॉयल्टी, डीएमएफटी, एनएमईटी आदि में मिलाकर 50 सालों में करीब एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त होगा वहीं लाईमस्टोन के अवैध खनन पर रोक, अप्रत्यक्ष राजस्व के साथ ही हजारों की संख्या में रोजगार के अवसर विकसित होंगे।

## सम्पादकीय

# केरल में बेवजह राज्यपाल के खिलाफ मोर्चा खोलकर समय बर्बाद कर रहे हैं मुख्यमंत्री विजयन

जहां तक उप-कुलपतियों का सवाल है, उनकी नियुक्तियाँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नियमों के अनुसार ही होनी चाहिए लेकिन उन नियमों का उल्लंघन करके आप अपने मनमाने उम्मीदवारों को चुन लें और फिर राज्यपाल से कहें कि वे आंख मींचकर उन पर मोहर लगा दें।केरल की मार्क्सवादी सरकार का दुराग्रह अपनी चरम सीमा पर पहुंचा हुआ है। सत्तारुढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने राज्यपाल को केरल के विश्वविद्यालयों के कुलपति पद से हटाने के लिए एक अध्यादेश तैयार कर लिया है और अब विधानसभा का सत्र बुलाकार वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रस्ताव भी पारित करना चाहते हैं। उनसे कोई पूछे कि राज्यपाल के हस्ताक्षर के बिना कौन-सा प्रस्तावित अध्यादेश लागू किया जा सकता है और उनके दस्तखत के बिना कौन-सा विधेयक कानून बन सकता है याने केरल की विजयन सरकार झूठ-मूठ की नौटंकी में अपना समय बर्बाद कर रही है।जहां तक उप-कुलपतियों का सवाल है, उनकी नियुक्तियाँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नियमों के अनुसार ही होनी चाहिए लेकिन उन नियमों का उल्लंघन करके आप अपने मनमाने उम्मीदवारों को चुन लें और फिर राज्यपाल से कहें कि वे आंख मींचकर उन पर मोहर लगा दें। राज्यपाल आरिफ खान ने इस मामले में दृढ़ता दिखाई है और ऐसे उप-कुलपतियों से इस्तीफे देने के लिए कहा है। आरिफ खान के इस दृष्टिकोण को भारत के सर्वोच्च न्यायालय और केरल के उच्च न्यायालय ने दो उप-कुलपतियों के मामलों में बिल्कुल सही ठहराया है। उन्होंने कहा है कि यदि राज्यों के विश्वविद्यालयों को वि.वि.अ. आयोग की मान्यता और वित्तीय सहायता मिल रही है तो उन्हें नियुक्तियों में उसके नियमों का पालन करना अनिवार्य है।केरल के विश्वविद्यालयों और सरकारी दफ्तरों में सारे नियमों को ताक पर रखकर मार्क्सवादी पार्टी के समर्थकों और कार्यकताओं और नेताओं के रिश्तेदारों को भरा जा रहा है। अदालतों ने मार्क्सवादी नेताओं की पत्नियों को दी गई कई बड़ी नौकरियों को गैर-कानूनी घोषित कर दिया है। कई अपराधी पार्टी कार्यकताओं को सरकारी नौकरियां पकड़ा दी गई हैं ताकि उनके सहारे वे कानून की वैतरणी पार कर जाएं और दो साल की नौकरी के बाद जीवनभर पेंशन के मजे लूटते रहें। केरल की मार्क्सवादी पार्टी में यह राजनीतिक भ्रष्टाचार तो उसका शिष्टाचार बन गया है, लेकिन राजनीतिक शिष्टाचार की सारी मयार्दाएं उसने भंग कर दी हैं। 2019 में कन्नूर के समारोह में राज्यपाल पर हमला करने वाले पार्टी कार्यकर्ता को दंडित करना तो दूर रहा, मुख्यमंत्री ने उसे अपने निजी स्टाफ में नियुक्त करके उसे सुरक्षा-कवच प्रदान कर दिया है। मयार्दा-भंग का ऐसा ही काम एक मंत्री ने भी कर दिखाया है। मुख्यमंत्री विजयन को शायद अंदाज नहीं है कि यदि वे यही अतिवादी रवैया बनाए रखेंगे तो वे केरल में कहीं राष्ट्रपति शासन को आमंत्रित न कर डालें और उसके साथ-साथ मार्क्सवाद की मिट्टी भी कहीं पलीत न कर दें।

## दिमाग की खिड़कियां खोलें, ताजी हवा आने दें

सुना है, एक कवि सम्मेलन में हरिवंश राय बच्चन समेत दूसरे बड़े कवि मौजूद थे। मंच संचालन एक नए कवि के जिम्मे था। जब हरिवंश राय बच्चन की बारी आई तो मंच संचालक ने कहा कि, अब मैं उस कवि को आमंत्रित करना चाहता हूं...जो परिचय का मोहताज नहीं। मैं भी उन्हें व्यक्तिगत तौर पर श्रद्धाजंलि देता हूं....।जनाब, एक सांस में बोलकर चुप हो गए.....लेकिन माहौल में सन्नाटा छा गया। श्रोता और मंचासीन अतिथि सन्न कि मंच संचालक ने यह क्या कह दिया..। थोड़ी देर खामोशी छाई रही...सभी अपने-अपने स्थानों पर जड़वत रहे...।फिर हरिवंश राय बच्चन खड़े हुए और माईक संभाला। वे समझ गए कि सबने श्रद्धाजंलि को गंभीरता से ले लिया है, क्योंकि हम देखते-सुनते आए हैं कि श्रद्धाजंलि आदमी को मरने के बाद दी जाती है....यहां तो मंच संचालक ने जिंदा रहते हुए दे दी है। कवि ह्दय समझ गया और उन्होंने बात संभाली....ना केवल बात संभाली अपितु वह सच उजागर किया जो हम अक्सर सुन कर भी अनसुना कर देते हैं।...तो हरिवंश राय बच्चन बोले, आपकी खामोशी बताती है कि जिंदा आदमी को श्रद्धाजंलि कैसे दी जा सकती है? जाहिर तौर पर तो नहीं दी जा सकती..क्योकि, ऐसा हम देखते-सुनते आए हैं...लेकिन अगर गौर करें तो यह कुछ गलत भी नहीं..। श्रद्धाजंलि का मतलब होता है 'श्रद्धायुक्त प्रणाम'... तो मंच संचालक का भाव इसी संदर्भ में है...अन्यथा ना लें, उसने कुछ गलत नहीं कहा...। ये तो हरिवंश राय थे जो समझ रखते थे...वरना आज के दौर में भी श्रद्धाजंलि का मतलब मरने के बाद तस्वीर के आगे पुष्पाजंलि से ही लगाया जाता है। जीते जी तो आप आज भी किसी को श्रद्धाजंलि नहीं दे सकते। श्रद्धाजंलि क्या...राम नाम सत्य भी नहीं बोल सकते....क्योंकि ये शब्द प्रायः किसी के जनाजे के वक्त बोले जाते हैं। किस्सा है, मांगीलाल का अबोध बालक घर में दौड़ता हुआ घुसा और जोर-जोर से 'राम नाम सत्य है' बोलने लगा..। परिवारवाले सन्न...ये बच्चे को अचानक क्या हो गया है, कहां सीख आया....राम नाम सत्य है...। तो जैसे ही बच्चा सीढ़ियां चढ़ हॉल में दाखिल हुआ....परिजन चिल्लाए.....और बच्चे को चुप कराया। बच्चा चुप हो गया लेकिन थोड़ी देर बाद उसने पूछा, मैंने क्या कुछ गलत बोल दिया.....मैं तो बस यही कह रहा था, राम नाम 'सत्य' है...इसमें क्या गलत कह दिया। परिवार वालों ने समझाया, बेटा....जब कोई मर जाता है तो जनाजे के साथ जो लोग जाते हैं....वे राम नाम सत्य है....बोलते हैं, हमे घर में यह नहीं बोलना चाहिए, घर में ऐसा बोलना 'अशुभ' होता है। सालों बाद भी बच्चे के सामने पहेली अनसुलझी है कि राम नाम 'सत्य' घर में कैसे 'अशुभ' हो जाता है....बच्चा अब बड़ा हो चुका है लेकिन आज भी वह अभिवादन में राम-राम बोलने से कतराता है। तो मूढ़ों ने कुछ गूढ़ शब्दों को इतना क्लिष्ट बना दिया



है कि ये शब्द अवसर विशेष के लिए निश्चित कर दिए गए हैं। मूढ़ों की जमात सब जगह है....या यूं कहें, धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है तो कहना गलत ना होगा। जया बच्चन अक्सर चर्चा में रहती हैं....। संसद में श्राप देकर चर्चा में आ जाती हैं तो अपनी नातिन नव्या नवेली के बारे में बड़ी ही शॉकिंग एडवाइस देते हुए चर्चा का विषय बन जाती हैं। जया बच्चन कहती हैं कि, अगर नव्या शादी के पहले भी बच्चा पैदा कर लें, तो उन्हें कोई परेशानी नहीं है। लोगों को लगता है जया बच्चन जैसे सैलेब्रिटी के लिए ऐसा सोचना कुछ नया नहीं...वैसे भी आज कल के दौर में हाई प्रोफाईल सोसायटी में यह सब आम हो चला है...तो उनका बोलना बताता है कि वे यहां तक भी जा सकती हैं। वैसे अदाकारा नीना गुप्ता बहुत पहले यह करके दिखा चुकी हैं। उस दौर में ऐसा करना किसी के लिए सहज नहीं था लेकिन नीना गुप्ता ने क्रिकेटर विवियन रिचर्ड से प्यार को कभी छिपाया नहीं....आज तक भी नहीं। तो जब जया बच्चन यह कहती हैं तो लगता है कि उनका विजन महिलाओं को लेकर क्लियर है...यह अलग बात है कि अगले ही पल वे फिर बदल जाती हैं। हाल ही में उन्होंने भारतीय महिलाओं के पहनावे को लेकर टिप्पणी की है। जया ने कहा कि मुझे बहुत अनजाने में लगता है कि हमने स्वीकार कर लिया है कि वेस्टर्न कपड़े एक औरत को मैन पावर देता है। जया ने कहा, मैं एक महिला को नारी शक्ति में देखना पसंद करूंगी। मैं ये नहीं कह रही कि जाओ साड़ी पहनो, लेकिन वेस्टर्न में भी औरतें अच्छे कपड़े पहनती थीं। ये सब बदल गया जबसे महिलाओं ने पैंट पहनना शुरू किया। अब लोग समझ नहीं पा रहे कि वे आखिर कहना क्या चाहती हैं...? पीएम को देखिए, तमिल की बात करते हैं तो धोती-कुर्ता पहन कंधे पर गमछा डाल लेते हैं...एक पल को लगता है कि कोई तमिल नेता चला आ रहा है....अर्थात कन्सेप्ट किलियर है...नो कन्फ्यूजन...। अभिनेता रणवीर सिंह को लें...वे फ्लोरल प्रिंट के कपड़े पहनते हैं तो इस बात की परवाह नहीं करते कि लोग क्या कहेंगे....यानि कन्सेप्ट किलियर है....लेकिन ज्यादातर लोग तय नहीं कर पा रहे हैं...क्या सही है और क्या गलत? वे कभी परिपाटी पर लौटते हैं तो कभी यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि समय के साथ कदमताल कर रहे हैं। लेकिन जमात आज भी 'आडम्बर' के जाल से बाहर नहीं निकली है। यहां आज भी तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित करते समय ही श्रद्धाजंलि शब्द का इस्तेमाल होता है और मरने पर जनाजे के साथ.....'राम नाम सत्य है' ....बोलना उचित लगता है। लोग आज भी ...राम नाम 'सत्य' है, घर पर नहीं बोलते, गर कोई बोलता भी है तो इसे ठीक नहीं मानते...यकीं ना हो तो प्रयोग करके देखें...। रोज राम-राम से दिन की शुरूआत करने वाले यह तो मानते हैं कि राम उनके आराध्य हैं...नाम लेने से तर जाएंगे लेकिन जाने-अनजाने वे भी इसे अस्वीकार कर देते हैं कि, राम नाम 'सत्य' है। अगर ऐसा नहीं तो दिन का आगाज राम नाम 'सत्य' है, से कीजिए। ऐसा करके भी हम राम की ही स्तुति ही कर रहे हैं, क्योंकि हम कह रहे हैं, राम नाम 'सत्य' है...!

### अन्तर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस-19 नवम्बर, 2022 पर विशेष

# क्या पुरुष उपेक्षा एवं उत्पीडन के शिकार हैं?



दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। इस दिवस की शुरूआत 1999 में त्रिनिदाद एवं टोबागो से हुई थी। तब से प्रत्येक वर्ष 19 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। आज तेजी से बदलती दुनिया में हर वर्ग के लिए परिभाषाएं भी बन एवं बदल रही हैं। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। यह दिन पुरुषों द्वारा देश, समाज व परिवार में किए गए उनके योगदान को याद करने का दिन है। साथ ही पुरुषों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य व उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा करने का दिन है।

पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। अब तक पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर एवं अत्याचारी ही घोषित किया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निमार्ता है। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता रूपी पुरुष की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा उसकी उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं यानी पुरुष की भूमिका किसी भी रूप में महिलाओं से कम नहीं है।

भारतीय समाज में ह्लमर्द को दर्द नहीं होताह्व या फिर जब कोई पुरुष रोता है तो ह्यमर्द बनो और रोना बंद करोह्ल जैसी बातें बोली जाती हैं। पिछले कई सालों से पुरुषों की समाज में संघर्षशील व कठोर छवि को प्रस्तुत किया गया है। लेकिन मुख्य सवाल है कि आखिर मर्द या पुरुष हैं कौन? जो घोड़े दौड़ाता है, शिकार करता है, या फिर जो अच्छे सूट में, चमचमाती कार में ऑफिस जाता है और घर पर भी अपनी तारीफ ही सुनना चाहता है। एक रौबदार छवि, आक्रांता, शोषक, असंवेदनशीलता एवं अत्याचारी वाली उसकी छवि क्या वास्तविक छवि है? असल में पिछले कुछ वर्षों में मर्द की परिभाषा में एक उदारवादी एवं संवेदनशील बदलाव देखने को मिला है। अब पुरुष या मर्द वो नहीं जो हमें अब तक पूर्वाग्रही रूढ़िवादी मानसिकता बताती हैं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा वो है ऐसा आधारस्तंभ है जो जिम्मेदारी उठाता है, जो सिर्फ चमकदार जूते एवं कपड़े ही नहीं पहनता बल्कि समाज व देश को भी चमकदार बनाने के लिए आगे आता है, परिवार कीक जिम्मेदारियों को ढोता है। जो सिर्फ महंगी गाड़ियां नहीं दौड़ाता बल्कि अपने परिवार को साथ लेकर उसकी सारी मूलभूत जरूरों को पूरा करते हुए आगे बढ़ता है। ऐसा करते समय वो अनेक बाधाओं से तो लड़ता ही है लेकिन साथ में यह भी सुनिश्चित करता है कि उनके बाद किसी को भी इन बाधाओं से होकर न गुजरना पड़े। अपनी सभी जिम्मेदारियों को उठाते हुए एक पुरुष यह भी सुनिश्चित करता है कि उसकी वजह से किसी को कोई भेदभाव न झेलना पड़े। वह जेंडर इक्वलिटी के लिए अपनी आवाज बुलंद करता है। अपने साथ अपनी टीम को आगे बढ़ाने के लिए काम करता है। जो सफलता में पीछे खड़ा रहता है लेकिन असफलताओं के मौके पर आगे आकर जिम्मेदारी लेता है।

समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है।

कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती।

दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। ह्यसेव इंडियन फैमिली फाउंडेशनह्य और ह्यमाई नेशनह्य नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी तथ्य सामने आया है कि पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया। लेकिन यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

# सीकर जिले के प्रभारी सचिव ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

जयपुर। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव दिनेश कुमार ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर पात्र लोगों को लाभान्वित करें। उन्होंने सरकार की फ्लैगशिप एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे इनकी पालना समयबद्धता के साथ करवाना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतें। जिला प्रभारी सचिव दिनेश कुमार ने रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य सरकार की फ्लैगशिप एवं बजट घोषणाओं के साथ ही विभागीय गतिविधियों के सम्बन्ध में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम आदमी के कल्याण के प्रति संकल्पबद्ध है। किसी भी पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने से वंचित न किया जाए। सचिव ने कहा कि किसानों के लिए मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना संचालित की जा रही है, इस योजना में अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाए। प्रभारी सचिव ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की चर्चा करते हुए कहा कि यह सरकार की अनूठी योजना है एवं इस योजना से अभी तक जो लोग नहीं जुडे है, उनका पंजीयन करवाने के लिए विशेष प्रयास करें ताकि योजना के माध्यम से लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे टीम भावना से कार्य कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए समाज के अन्तिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचावें साथ ही जो भी विकास कार्य हो उसकों पूरी गुणवता के साथ कराने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री लघु प्रोत्साहन योजना, इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में पात्र लोगों को बैंकों के माध्यम से समय पर ऋण वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों द्वारा राज्य सरकार स्तर से जो कार्य कराने है, उसके बारें में भी फीडबैक लिया एवं विश्वास दिलाया कि उसमें भी आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।



प्रभारी सचिव ने मनरेगा के कार्यों का प्रभावी ढंग से निरीक्षण कराने पर जोर दिया एवं नरेगा की गाईड लाईन की पालना करते हुए कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए ताकि जरूरतमंद को उसके नजदीक के क्षेत्र में रोजगार का अवसर मिले। उन्होंने निर्धारित अनुपात के अनुसार अनुसूचित जाति-जनजाति, लघु एवं सीमांत किसानों के व्यक्तिगत प्रवृति के कार्य भी स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके विभाग की योजनाओं के सम्बन्ध में जो लक्ष्य आवंटित किए गए है, उनकी उपलब्धि समय पर सुनिश्चित करावे। उन्होंने विशेष रूप से पानी-बिजली, चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य कर आमजन को सेवाओं का पूरा लाभ प्रदान करने, सम्पर्क पोर्टल में दर्ज प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जल शक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने अभियान के सभी कार्यों को 31 दिसम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल शक्ति अभियान के संबंध में अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन में पूर्ण हुए कार्य में घर–घर जल कनेक्शन प्रोपर तरीके से करें,पानी की टूटी लगवाये तथा लोगों में योजना की जागरूकता के लिए प्रचार–प्रसार करते हुए योजना की प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन में विद्युत कनेक्शन के कोई प्रकरण बकाया नहीं रहे तथा बूंद–बूंद सिंचाई योजना में लक्ष्य पूर्ण करें। जिला शिक्षा अधिकारी को जिले के विद्युत विहीन चार विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन करवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभारी सचिव दिनेश कुमार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में ऑनलाईन आवेदन भरवाने तथा मेपिंग का कार्य करवाने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कितने किसानों का बीमा हुआ और कितने किसानों को क्लेम मिला इसकी सूचना जन सूचना पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि कोई मुद्दा राज्य स्तर से संबंधित है, तो उससे उन्हें अवगत करवाएं।

### जल्द ही पूरे प्रदेश में एक जन जागृति यात्रा निकाली जाएगी

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान की बैठक का आयोजन जयपुर सिद्धार्थ रेजिडेंसी में किया गया

**जयसिंह गुर्जर**

धौलपुर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक गोपीचंद गुर्जर, राष्ट्रीय संगठन महासचिव बच्चू सिंह बैंसला, प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर पोसवाल रहे थेकार्यक्रम में जन जागृति यात्रा सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक को लेकर चर्चा हुईकार्यक्रम में कल अकस्मात मृत्यु हुए स्वर्गीय आर्यस आसाराम पोसवाल को महासभा के समस्त पदाधिकारियों ने 5 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा जल्द ही पूरे प्रदेश में एक जन जागृति यात्रा निकाली जाएगी इसको लेकर हम पूरे प्रदेश का रोड मैप तैयार कर रहे हैं शानदार और जानदार यात्रा निकालेंगे कि प्रदेश में समाज में शिक्षा का स्तर बड़े कुर्तियां दूर हो

राष्ट्रीय संगठन महासचिव बच्चू सिंह बैंसला ने कहा कि हम चाहते हैं संपूर्ण देश में महासभा समाज में कुरीतियां मिटाने का



काम करें समाज शिक्षा में आगे बढ़े सबको साथ लेकर चले सब का सम्मान करें हमें अपने अधिकार मिले इसको लेकर यात्रा निकालेंगे और पूरे प्रदेश में शानदार यात्रा हो

प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने धन्यवाद देते हुए कहा कि अखिल भारतीय गुर्जर महासभा प्रदेश में समाज को जगाने का काम करेगा शिक्षा का स्तर कैसे बढ़े समाज में सामूहिक विवाह सम्मेलन करके एक संदेश देने का काम करेगा

अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर पोसवाल ने कहा कि कल स्वर्गीय १.:२. आसाराम पोसवाल की मृत्यु से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है इसके लिए 5 मिनट मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कीऔर आने वाले समय में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा संपूर्ण प्रदेश में समाज में शिक्षा का स्तर बड़े हम सबको साथ लेकर चलें इस विजन के साथ काम करें

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव हिमांशु गुर्जर प्रदेश महामंत्री राम अवतार बढ़िया प्रदेश सचिव सत्यवान बैंसला प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह गुर्जर करौली जिला अध्यक्ष शिवचरण गुर्जर उदयपुर जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल गुर्जर समस्त प्रदेश के जिलाध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी युवा गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष प्रदेश सरकारी मौजूद रहे

## बहराम का बास में कलश यात्रा का आयोजन किया गया

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर के बहराम का बास में ग्यारस माता का सातवां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वार्षिक उत्सव को लेकर महिलाओं ने विशाल कलश यात्रा निकाली जो ग्यारस माता मंदिर से शुरू होकर कस्बे के मुख्य रास्तों से होती हुई वापस माता के मंदिर पर पहुंची। जहां जगह-जगह ग्रामीणों ने कलश यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस दौरान माता की सुंदर सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। सुंदर झांकियों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। वहीं मंदिर के महंत जयपाल महाराज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्यारस माता का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जहां आज सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने मनमोहक झांकियों के साथ कलश यात्रा निकाली। वहीं कलश यात्रा के बाद मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा ।उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।



## अमेठी जायस पुलिस ने की कार्यवाही, हाज़िर न होने पर पुलिस ने चस्पा किया 82 की नोटिस

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

जायस थाना पुलिस ने रविवार की दोपहर नगर पालिका जायस मोहल्ला मसूद गाढ़ा निवासी जमीला बानो पत्नी अब्दुल हुसैन व सोहराब पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी पानी की टंकी एवं तौहीद पुत्र रफीक निवासी जेर मस्जिद व गुलाम नबी पुत्र मोहम्मद जकी काफी दिनों से हाजिर न होने व फरार चल रहे। पुलिस अभियुक्तों के घर पहुंच कर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। साथ ही कस्बे में डुग्गी मुनादी भी कराई गई है। जायस थाना अंतर्गत सैदाना चौकी प्रभारी संकठ्ठा प्रसाद मौर्या के नेतृत्व ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सके। वारंट के बाद पुलिस से फरार चल रहे मुकदमों के आरोपियों के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार दबिश दी लेकिन वह नहीं मिलें। गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई महीनों से हाथ पैर मार रही है। लेकिन नतीजा अब तक सिफर रहा। धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।



## जोतराम मंदिर में मनाया श्रद्धालु उत्सव, उमड़े श्रद्धालु

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। उपखंड मुंडावर अंतर्गत गोलाहेडा गांव के जोतराम मंदिर परिसर मे श्रद्धालु उत्सव रविवार को मनाया । मंदिर के भक्त मुकेश ने कहा कि इंसान को अगर मन में किसी काम के प्रति लगन लगी हो तो उसे सब कुछ मिल जाता तो । समर्पण , संकल्प के साथ लगातार कोशिश करने वाला अपने जीवन में कभी हार नहीं सकता । श्रद्धालु उत्सव कार्यक्रम मे मंदिर भगत मुकेश ने प्रवचन में कहा कि जिसके अंदर कुछ लगी है तो उसे चोट का दर्द भी महसूस नहीं होता । इंसान अगर दिशा बदल ले तो दशा बदल जाती है और दिनचर्या बदल ले तो दिन बदल जाते हैं । इस मौके पर भक्त ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए संकल्प की जरूरत पहले होती है । संकल्प के साथ अगर विकल्प आ गया तो काम हो ही नहीं सकता ।

श्रद्धालु उत्सव कार्यक्रम में मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ । श्रद्धालुओं ने बैठकर पंगत में प्रसादी ग्रहण की । मंदिर परिसर में रविवार से 30 दिन के लिए अखंड ज्योति मंदिर परिसर मे दिन रात जलेगी । रविवार से श्रद्धालुओं का आवगमन प्रतिदिन बना रहेगा ।



## शिक्षक मानवता के संचार का माध्यमबी,एड, कॉलेज में एक दिवसीय सम्मेलन

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। हर जीवधारी प्राणी कहलाने का अधिकारी होता है , लेकिन इसे मानव जब ही कहा जा सकता है जब प्राणी में मानवता के गुण आ जाए । मानवता के गुणों का संचार केवल शिक्षक ही कर सकता है ।जिस पर एक पत्थर की मूर्ति में विद्वान पंडित प्राण प्रतिष्ठा कर उसे पूजनीय बनाता है । उसी प्रकार शिक्षक समग्र समाज को मानवता का आधार प्रदान करता है । यह विचार रविवार को सोडावास कस्बे की सेठ प्रहलाद राय बी,एड, कॉलेज मे एक दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बतौर लखीराम जोशी ने व्यक्त किए । सोडावास सरपंच प्रतिनिधि सरजीत चौधरी ने कहा कि भारतीय गुरुकुल परंपरा आज भी विश्व में आदितीय है ।इसका मुख्य कारण मानवतावादी शिक्षा प्रदान कर एक आदर्श समाज की स्थापना करना है ।इस कार्यक्रम मे सोडावास कस्बे के व्यापारीयो व ग्रामीणों ने भाग लिया ।सम्मेलन कार्यक्रम मे सर्व प्रथम हवन व पूजा अर्चना कर भंडारे मे प्रसादी ग्रहण की । कार्यक्रम में बी,एड, कालेज के प्रबंधक जगराम गुप्ता ने सभी अतिथियों का सम्मान किया । इस मौके पर सतीश गुप्ता, गिर्राज गुप्ता प्रदीप शेरावत,अनुप छिल्लर, घनश्याम बोहरा, पूर्ण जोशी, पूर्व सरपच सुरजभान बोहरा, लीलाराम सैन,अनिल शर्मा, सीताराम लम्बदार, रिंकू गुप्ता,लाला बोहरा,लोकेश शर्मा,नितेश कानोड़िया, व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉक्टर बाबूलाल चौधरी सहित व्यापारी व ग्रामीण मौजूद रहे ।



## राउमावि के व्याख्याता शेरसिंह यादव एवं जितेंद्र सिंह के पदोन्नति होने पर किया विदाई समारोह



**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठूमर के व्याख्याता शेरसिंह यादव तथा जितेंद्र कुमार की प्रधानाचार्य के रूप में पदोन्नति होने पर कस्बे के प्रबुद्ध जनों ने रविवार को उनकी भव्य विदाई की । भूमिदत्त शर्मा के आवास पर हुए इस कार्यक्रम में कस्बे के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और उनके कार्यों की सराहना की गई ।इस अवसर पर कठूमर सरपंच शेरसिंह मीणा, विद्यालय की प्रधानाचार्या विराज चौहान ,उप प्राचार्य हंसराज मीणा, पूर्व सरपंच एवं आदर्श जाट महासभा के जिला अध्यक्ष तूहीराम चौधरी, जयप्रकाश दीक्षित डायरेक्टर, रमेश चौधरी, टैगोर शिक्षण संस्थान के देवेंद्र चौधरी, न्यू मॉडर्न शिक्षण संस्थान के गुलाब सिंह चौधरी, गैलेक्सी शिक्षण संस्थान के निदेशक मनोज चौधरी,अरावली इंस्टीट्यूट के निदेशक राजेश उर्फ रणवीर सिंह , बीएसओ दीपक शर्मा , भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज, पत्रकार अशोक जैन, पत्रकार दिनेश लेखी ,नवनीत कुमार ,पूर्व प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।दोनों पदोन्नत प्रधानाचार्य ने कठूमर ग्राम वासियों के द्वारा दिये गये स्नेह के प्रति आभार जताया।

# प्रिंस अब पढ़ेगा, आगे बढ़ेगा

### घूमंतू बच्चों का भविष्य संवारने कलेक्टर ध्रुव की अभिनव पहल

### मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में चलेगा बाल–जतन अभियान

**मरूधर विशेष राकेश कुमार बंसल छत्तीसगढ़**



रायपुर, चिरमिरी में बीते चार सालों से निवासरत राजा पनिका का 8 वर्षीय पुत्र प्रिंस अब स्कूल में पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ेगा, जीवन में आगे बढ़ेगा। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव की विशेष पहल से प्रिंस को कचरा बिनने से छुटकारा मिल गया है। सोमवार को उसका दाखिला चिरमिरी के पोड़ी बाजार स्थित सरकारी स्कूल में हो जाएगा। प्रिंस को स्कूल जाने के लिए नया ड्रेस, पुस्तक, कॉपी और बैग मिल गया है। नगर निगम चिरमिरी के अधिकारी प्रिंस को अपने साथ ले जाकर उसे स्कूल में प्रवेश दिलाएंगे। वह नियमित रूप से स्कूल जाए और अच्छे से पढ़ाई करे, इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने प्रिंस जैसे घूमंतू, कचरा बिनने वाले, अनाथ और बेसहारा बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था कर उनका भविष्य को संवारने के लिए बाल-जतन अभियान की शुरूआत की है। प्रथम चरण में यह अभियान जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में संचालित होगा। नगरीय निकाय और शिक्षा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से घूमंतू, कचरा बिनने वाले, अनाथ और बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर उनका स्कूल में दाखिला कराएंगे। इन बच्चों को पठन-पाठन सामग्री सहित अन्य सुविधाएं भी शासकीय योजनाओं एवं गैर-शासकीय संगठनों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। गौरतलब है कि कलेक्टर ध्रुव आज सुबह 6 बजे कड़ाके की ठंड के बावजूद आकस्मिक रूप से चिरमिरी नगर पहुंचे और यहां विभिन्न चौक-चौराहों और वार्डों में पैदल घूमकर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पोड़ी बाजार के करीब उनकी नजर कचरा बिनते 8 वर्षीय बालक प्रिंस पर पड़ी। कलेक्टर ने उसके पास पहुंचे। उसका नाम, पता और पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछताछ की। कलेक्टर ने प्रिंस को स्कूल जाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अभी उसकी उम्र पढ़ने-लिखने की है। उन्होंने उसे कचरा बिनने का काम बंद करने और स्कूल जाने की समझाइश दी। यहां यह उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ध्रुव के पूछने पर प्रिंस ने बताया कि वह कक्षा दूसरी में पढ़ता है, जबकि बाद में यह हकीकत सामने आयी कि वह स्कूल ही नहीं जाता। कलेक्टर ने नगर पालिक निगम आयुक्त को प्रिंस को पठन-पाठन, सामग्री ड्रेस उपलब्ध कराने के साथ ही उसका पोड़ी बाजार स्कूल में दाखिला कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में बाल-जतन अभियान के माध्यम से अनाथ, बेसहारा और घूमंतू बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में सहयोग के लिए स्वयं सेवी, समाज सेवी संगठनों की भी भागीदारी होगी।

# कलेक्टर ने मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी नगर में साफ-सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**मरूधर विशेष राकेश कुमार बंसल छत्तीसगढ़**



/मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर पी.एस. ध्रुव आज सुबह मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने मनेन्द्रगढ़ में बस स्टैण्ड इलाके में जगह-जगह पसरी गंदगी को देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई कराने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि साफ-सफाई नियमित रूप से हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सूखे और गीले कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण कराने और उसे एसएलआरएम सेंटर भेजवाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने खेड़िया टॉकिज चौराहा, साई मंदिर चौहारा, बस स्टैण्ड चौक, स्टेशन रोड सहित अन्य इलाकों का पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का मुआयना किया ।कलेक्टर ध्रुव इसके पश्चात चिरमिरी पहुंचे और नगर निगम कार्यालय के आस-पास के इलाकों सहित हल्दी बाड़ी, साडा कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी चौराहा, बड़ा बाजार थाना परिसर, साप्ताहिक बाजार में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का मुआयना किया। उन्होंने चिरमिरी में साडा कॉम्पलेक्स से लेकर सेंट्रल बैंक तक नाली की अच्छे से साफ-सफाई कराने, बस स्टैण्ड के समीप पड़े कचरे का तत्काल उठाव व सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। चिरमिरी के साप्ताहिक बाजार में बने चबूतरों की मरम्मत कराने तथा वहां निर्मित शौचालय को शुरू करवाए जाने के निर्देश निगम कमिश्नर श्री विजेन्द्र सारथी को दिए। कलेक्टर ध्रुव ने लाहिड़ी कॉलेज के पास बने सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराने तथा उसके आस-पास उगी झाड़ियों को कटवाने के साथ ही पानी निकासी के लिए नालियों की साफ-सफाई व मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री 20 नवम्बर को गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को करेंगे 7.14 करोड़ का भुगतान

### नवम्बर के पहले पखवाड़े में स्वावलंबी गौठान ने खरीदा 2.58 करोड़ रूपए का गोबर

### गौठानों में अब तक 24.74 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट उत्पादित

### 300 गौठानों में बन रहे सर्वसुविधायुक्त ग्रामीण औद्योगिक पार्क

**मरूधर विशेष राकेश कुमार बंसल छत्तीसगढ़**




रायपुर, 19 नवम्बर 2022/ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 नवम्बर को अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के तहत आयोजित राशि अंतरण के कार्यक्रम में हितग्राहियों को ऑनलाइन 56 वीं किश्त के रूप में कुल 7 करोड़ 14 लाख रूपए की राशि का अंतरण करेंगे, जिसमें गोबर विक्रेताओं को 4.55 करोड़, गौठान समितियों को 1.17 करोड़ तथा स्व-सहायता समूहों को 1.42 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है। यहां यह उल्लेखनीय है कि गोधन न्याय योजना के तहत स्वावलंबी गौठान अब स्वयं की राशि से गोबर क्रय करने लगे हैं। नवम्बर माह के प्रथम पखवाड़े में स्वावलंबी गौठानों ने 2 करोड़ 58 लाख रूपए का गोबर खरीदा है, जबकि शासन द्वारा 1 करोड़ 97 लाख का गोबर क्रय किया गया है ।राज्य में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ग्रामीण पशुपालक किसानों से गोबर क्रय करने में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ अब स्वावलंबी गौठान भी बराबर की भागीदारी निभाने लगे हैं। राज्य में औसत रूप से प्रत्येक पखवाड़े 4 से 5 करोड़ रूपए की गोबर खरीदी गौठानों में हो रही है, जिसमें से दो से ढ़ाई करोड़ रूपए का गोबर स्वावलंबी गौठान स्वयं की राशि से कर रही है। बीते कुछ पखवाड़े से यह स्थिति बन गई है कि गोधन न्याय योजना के तहत हो रही गोबर खरीदी की राशि का लगभग 50 प्रतिशत से भी कम का भुगतान ही सरकार के जिम्मे आ रहा है। राज्य में 4010 गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी बन गए हैं इन गौठान समितियों के पास 103 करोड़ रूपए की पूंजी जमा है। गौठान समितियों ने अब तक 26.73 करोड़ रूपए का गोबर स्वयं की राशि से क्रय किया है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी के एवज में अब तक गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों को 179.28 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 20 नवम्बर को 4.55 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आकड़ा 183.83 करोड़ रूपए हो जाएगा। इसी तरह गौठान समितियों और महिला समूहों को लाभांश के रूप में 164.24 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया है। 20 नवम्बर को 2.59 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह राशि बढ़कर 166.84 करोड़ रूपए हो जाएगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि महिला स्व-सहायता समूहों को वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय के पश्चात शासन द्वारा 18 करोड़ रूपए के विशेष बोनस का भुगतान किया गया था।

राज्य में 10 हजार 448 गौठान स्वीकृत किए गए, जिनमें 9 हजार 36 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। गौठानों में पंजीकृत विक्रेताओं और पशुपालकों से 2 रुपए प्रति किलो की दर पर गोबर खरीदी की जा रही है। इससे 3 लाख 2 हजार 118 ग्रामीण, पशुपालक और भूमिहिन लाभान्वित हो रहे हैं, जिसमें भूमिहीनों की संख्या 1 लाख 66 हजार 279 हैं। लाभान्वितों में 46.13 फीसदी महिलाएं हैं। अलग-अलग वर्गों में अन्य पिछड़ा वर्ग के 49.03 फीसदी, अनुसूचित जनजाति के 39.56 फीसदी, अनुसूचित जाति के 8.10 फीसदी लाभान्वित हैं। गौठानों में क्रय गोबर से 24 लाख 74 हजार 750 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 16 लाख 3 हजार 536 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट की बिक्री 10 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से हुई है। इसी तरह 3 लाख 80 हजार 985 क्विंटल सुपर कंपोस्ट की बिक्री 6 रुपए और 3 हजार 46 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट प्लस की बिक्री 6.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को की जा चुकी है। गौठानों में गौमूत्र की सरकारी खरीदी भी की जा रही है। अब तक 83 गौठानों में स्व-सहायता समूहों द्वारा 4 रुपए प्रति लीटर की दर से अब तक 95 हजार 241 लीटर गौमूत्र क्रय किया गया है, जिससे 32 हजार 266 लीटर कीट नियंत्रक ब्रम्हास्त्र तथा 19 हजार 555 लीटर वृद्धिवर्धक जीवामृत का उत्पादन किया गया है, जिसकी बिक्री से अब तक 15 लाख रुपए आय अर्जित हो चुकी है। गौठानों से जुड़े 11 हजार 187 स्व-सहायता समूहों के 83 हजार 874 सदस्यों को विभिन्न कार्यों से 85 करोड़ 79 लाख रुपए आमदनी हुई। राज्य के लगभग 300 गौठानों में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाने की शुरूआत हो चुकी है।

# नहर के लिए चल रही पदयात्रा से मातृ शक्ति के जुड़ने से पद यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**



मुंडावर । राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में पूर्व प्रधान रोहिताश चौधरी के नेतृत्व में मुंडावर में नहर लाने के लिए चल रही पदयात्रा आज शनिवार को ग्राम फूसापुर, नांगल उदिया, जसाई, भिकावास पहुंची । पद यात्रा फुसापुर पहुंचने पर रणवीर सिंह यादव एडवोकेट,डाक्टर हरकिशन यादव के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामवासियों ने एकत्रित होकर परंपरागत तरीके से साफा माला से स्वागत किया और पानी लाने की मुहिम के साथ चलने का आश्वासन दिया और यात्रा को नांगल उदिया की सीमा तक साथ आए जहां से जसाई सरपंच वीरू पंडित, प्रकाश चौधरी, लखमी चौधरी, जसवंत चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीजे बजा कर चौपाल पर लाकर साफा माला पहनाकर स्वागत किया और साथ चल ने का वादा किया। और जसाईं गांव तक डीजे बजा कर लेकर आए और चौपाल परमाला साफा पहनाकर स्वागत किया तथा गांव के किसानों ने नहर के लिए चल रही पदयात्रा की सफलता की कामना करते हुए स्वागत किया। आज पद यात्रा मेंमातृ शक्ति के रूप में प्रेम देवी देवी के नेतृत्व में माया देवी, गीता देवी, धोली देवी, निशा देवी, प्रेम देवी,आरती देवी, ललिता देवी,रजनी देवी पद यात्रा में साथ चल कर पदयात्रा को संबल दिया और रोहितास चोधरी को मुंडावर की उम्मीद बताया इस दौरान पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रधान रोहिताश चौधरी,अखिलेश कौशिक, रामावतार चौधरी, बाबूलाल हुड्डा, अंजली यादव सुरेश कुमार यादव ने ग्रामीणों को नहर लाने के लिए समर्थन की अपील की। साथ में वक्ताओं ने प्रोजेक्ट में पीने के पानी के लिए मुंडावर ब्लॉक को जोड़ने पर भंवर जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। इस पर मौके राजवाड़ा सरपंच रजनी मामचंद चौधरी, कृष्णा गोपाला कौशिक, गोपी राम शर्मा, भरत सिंह चौधरी, भीमसिंह चौधरी गोकल लंबरदार, निहाल सिंह, नरेश तिवारी, बाबूलाल, संतराम शर्मा, यादराम,राजू खटीक, चेतराम, योगेश पासवान मोहित जिंदल, दिनेश शर्मा, अंकित ,रमेश सैन, ताहिर खान, बाबूलाल यादव, कमल, यादराम पंच, मोना शर्मा,राहुल , तेजपाल जिंदल आदि मौजूद रहे।

## झोला छाप डॉक्टर के इलाज से युवक की मौत, आरोपी को दो साल कारावास

मरूधर विशेष राकेश कुमार बंसल छत्तीसगढ़जांजगीर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टर के इलाज से युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपी झोलाछाप डॉक्टर को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी द्वारा दो साल का सश्रम कारावास और 5000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अपर लोक अभियोजक बालकृष्ण मिश्रा के अनुसार घटना दिनांक 31 मई 2020 की सुबह 11 बजे युवक आशीष कश्यप अपने घर की परछी में बेहोश पड़ा था। वहां पर गांव कंडरा का युवक केशव यादव खड़ा था। परिवार वालों के सामने केशव ने आशीष की भुजा में लगे इंजेक्शन को निकाला था। गंभीर हालत में आशीष को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिसरा और पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत की पुष्टि गलत दवा का उपयोग करने से होने की पुष्टि होने पर केशव यादव के खिलाफ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज किया था।



## राज्यमंत्री जाह्दा खान का नोटों के प्रति मोह, सरपंच मिसलू ने पहनाई 51हजार के नोटों की माला, फोटो वायरल

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां- दो दिन पूर्व पहाड़ी कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान राज्य मंत्री जाहिदा खान के बयान फूलन की माला सू काम ना चलेगो वाले बयान का वीडियो वायरल होने के बाद भी जाहिदा खान का नोटों के प्रति मोह देखने को मिल रहा है जिसका जीता जिसका जीता जागता उदाहरण आज कामा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नंदेरा में देखने को मिला जहां सरपंच संघ के अध्यक्ष मिसलू खान द्वारा उन्हें ?51हजार के पॉच पॉच सौ रुपए के नोटों की माला पहनाई गई जिसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं विधायक जाहिदा खान का नोटों की माला के प्रति मोह कामा विधानसभा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है उल्लेखनीय है कि पहाड़ी कृषि उपज मंडी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर मीना विजयी हुई थी जिस पर अमीना के प्रतिनिधियों द्वारा राज्यमंत्री जाहिदा खान का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया था तब राज्यमंत्री जाहिदा खान ने लोगों से कहा था कि फूलों की माला से काम नहीं चलेगा जिस पर अगले दिन हुए उपाध्यक्ष पद के चुनाव में राम मोहन खंडेलवाल के उपाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद व्यापारियों द्वारा उन्हें ?51हजार के नोटों की माला गई थी जिसके वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे जिससे जाहिदा खान की काफी किरकिरी हुई थी



## नाबालिंग बालिका से बलात्कार का मामला दर्ज,आरोपी की तलाश में पुलिस दी दबिश

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां.थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात्रि को पन्द्रह वर्षीय बालिका के साथ पडौस के ही एक युवक ने अवैध हथियार का भ्भय दिखाकर उससे बलात्कार करने का मामला पीड़िता के पिता ने थाने में दर्ज कराया है। जिसपर पुलिस ने पीड़िता बालिका का मेडिकल कराकर आरोपी में उसके घर पर दबिश दी। लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नही चढ़ सका ।मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव में 18 नवंबर की रात्रि को पिता अपने खेत पर गेहूं की सिचाई करने गया था कि बिना मां नाबालिंग पन्द्रह वर्षीय बालिका अपने भाई बहिनों के साथ अपने घर सोई हुई थी। रात्रि करीब एक बजे वह पेशाब करने घर से बाहर निकली और पेशाब करने लगी तो पडोस के युवक रासिद ने उसको दबोचते हुए पशुओं के बाड़े में कट्टे का भय दिखाकर उसके बलात्कार किया। पुलिस ने नाबालिंग बालिका का मेडिकल कराकर आरोपी युवक को पकड ? के लिए गांव में दबिश दी। लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नही चढ़ सका।

## बानसूर में मेघवाल विकास समिति की बैठक संपन्न

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - मेघवाल विकास समिति बानसूर की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन अंबेडकर भवन में कैप्टन अरविंद कुमार की अध्यक्षता में किया गया। अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सामाजिक उत्थान एवं विकास पर चर्चा की गई। तथा साथ ही छात्रावास संचालन पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर जिसमें समाज के हजारीलाल आर्य, चेतराम , प्रभु दयाल, मुकेश, जगदीश, कैलाश, सुरेश डूमोलिया, भूपसिंह सुरेला, राधेश्याम नैनावत, अमीलाल नेता, सूरजभान, राजेंद्र वकील, ताराचंद, सुनील ठेकेदार, बस्तीराम, राजेश, सत्यनारायण, दिलीप, रामानंद, हरिसिंह आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।



## गौ हत्या पर हिंदु युवा जनजाति संगठन ने प्रशासन से की कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशालगढ़ः शनिवार रात को गांव सिमेला ग्राम पंचायत नवागांव पुलिस थाना कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा के लगभग 20,25, लोगों द्वारा सीमेला गांव में जंगल के पास उपरीफला में लोगों ने एक गाय को मार दिया ये लोग गाय को मारकर उसका मांस आपस में बांट कर ले जाने वाले थे तभी प्राथिगण एवं पुलिस विभाग से थाना अधिकारी कुशलगढ़ एवं चौकी प्रभारी अधिकारी पुलिस चौकी तांबेसरा मौके पर पहुंचे जिस पर तीन लोगों को गाय की हत्या करने के कारण गिरफ्तार किया गया है, बाकी लोगों को अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले है, इस प्रकार के जघन्य अपराध पर हिंदु युवा जनजाति संगठन के कार्यकर्ता तत्काल गिरफ्तार कर सख्त से सख्त दंडात्मक कार्यवाही की मांग कर पुलिस थाना अधिकारी कुशलगढ़ को ज्ञापन दिया जिसमें जिलाध्यक्ष कमलेश डामोर, कुशलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ डाबी, जिला महामंत्री पारसिंह डामोर, जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश खड़िया, रणवीर अमलियार, सुभाष सोलंकी, सुनील यादव, पारू डामोर, कालुसिंह देवदा, बलदेव देवदा, जालूसिंह गमोड़, दिलिप भुरीया, सोनू भुरीया, आदि संगठन के कार्यकर्ता मौजुद रहे। ये जानकारी कालुसिंह देवदा ने दी।



## सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर में सैनी महासभा समिति की ओर से 11 वां प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें करीब 250 समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया ।समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. किरण सैनी एसएमएस अस्पताल जयपुर रही । वहीं अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। सम्मान समारोह में 10 वीं और 12 वीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कूलर भेंट कर सम्मानित किया गया। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथीर्यों को सीलिंग फैन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के एनडीए, रेलवे सहित राजकीय सेवाओ में कार्यरत व प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में पधारे अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए कहा कि विद्यार्थी पढ़ लिख कर अपना और अपने माता- पिता सहित समाज का नाम रोशन करें। समाज को आगे लेकर जाने में शिक्षा का बड़ा महत्व है। इस दौरान पप्पू प्रधान सैनी महासभा मुख्य वक्ता, पूर्ण सैनी अध्यक्ष सैनी महासभा समिति अलवर, महंत बालनाथ महाराज, डा. किरण सैनी एसएमएस अस्पताल जयपुर, दुर्गा प्रसाद चैयरमैन कोटपुतली, पांचूराम सैनी पुर्व शिक्षा उप निदेशक,भामाशाह अमीचंद सैनी, बनवारीलाल सैनी, मुकेश सैनी यूवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बानसूर सहित समाज के मौजूद रहे।



## बसई चौहान में हुए ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर उपखंड के हरसोरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 5 दिन पूर्व बसई चौहान निवासी रामावतार मीणा की सिर कुचलकर हत्या करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बानसूर डीएसपी सुनील जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 व 16 नवंबर की रात को हरसोरा थाने को पीसीआर अलवर के जरिए मोबाइल सूचना मिली कि बसई चौहान से डांगियावास जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति मरा हुआ पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।मृतक की पहचान बसई चौहान निवासी रामावतार मीणा के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए टीम का गठन कर थाना अधिकारी ताराचंद शर्मा की नेतृत्व में टीम सदस्य अमित कुमार, ओम प्रकाश, सतीश कुमार, अनिल कुमार, महेंद्र सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य स्टाफ को शामिल किया गया और टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी जितेंद्र कुमार मीणा उर्फ निन्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जितेंद्र ने बताया कि अपनी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए रात्रि को रामावतार मीणा को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर स्वयं ने कम व मृतक को अधिक शराब पिलाकर शराब के नशे में धुत होने के बाद नीम की लकड़ी से उसके साथ मारपीट की तथा भारी पत्थर उठाकर उसकी छाती पर वार किया एवं साथ ही पत्थर से ही सिर कुचलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्यवाही जारी है।



## रेलवे ने कैंसिल की 200 से अधिक ट्रेनें, यात्रा करने से पहले देख लें ये लिस्ट




**मरूधर विशेष राकेश कुमार बंसल छत्तीसगढ़**

भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेनों को रद करने का सिलसिला जारी है। शनिवार को रेलवे ने 204 ट्रेनों को रद कर दिया है। इसमें से 175 ट्रेनों को पूरी तरह से और 29 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद किया गया है। रेलवे के द्वारा ट्रेनों को रद करने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा कि परिचालन संबंधी समस्याओं के चलते इन ट्रेनों को रद किया गया है। इसके आलावा 29 ट्रेनों को रीशेड्यूल और 16 ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। रेलवे के द्वारा रद, रीशेड्यूल और डायवर्ट ट्रेनों में पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात से चलने वाली गाड़ियां शामिल हैं। ऐसे में अगर आप ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं, तो एक बाद रद ट्रेनों को सूची को देख लेना चाहिए।

## ऑनलाइन बोरिया ना होने से लगभग दो सप्ताह से धान खरीद बंद

**मरुधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के अंतर्गत बछरावां जहां एक तरफ न्यूनतम समर्थन मूल्य पाने के लिए किसान जहां अपनी फसल को आवारा जानवरों और कमरतोड़ महंगाई से तैयार कर जब गणेश परिक्रमा करके ऑनलाइन बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन कराकर सत्यापन कराकर बेचने के लिए खरीद केंद्रों पर जा रहा है। तो दूसरी तरफ जिले के खरीद अधिकारियों और जिला प्रशासन की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली के कारण लगभग दो सप्ताह से खरीद सेंटरों पर ऑनलाइन बोरिया ना होने के कारण किसान सेंटर पर जाकर मायूस होकर लौट रहा है। सेंट्रल प्रभारी बता रहे हैं कि ऑनलाइन बोरिया ना होने के कारण हम खरीद नहीं कर पाएंगे तो बेचारा मजबूर किसान कैसे अपनी धान की बिक्री करें और कैसे खाद बीज की व्यवस्था कर गेहूं, सरसों, मटर, चना, आलू अन्य फसलों की बुवाई कैसे करें। जिम्मेदारों के इस रवैया को लेकर किसानों में जबरदस्त आक्रोश है जिला के खरीद प्रभारी क्या इन जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही करेंगे या बगैर कार्यवाही के सेंटरों पर ऑनलाइन बोरिया दिलवाई जाएंगी। वही आलम तो यह है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार की खरीद के उपरांत अभी तक मिलो का अटैचमेंट नहीं हुआ और ना ही किसी सेंटर पर ठेकेदार द्वारा लेबर भेजे गए हैं। इन सब कार्यशैली से प्रतीत होता है कि सरकार किसानों का धान खरीदना ही नहीं चाहती या जिम्मेदार अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारा हैं।

## राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर खंड के न्यायाधिपति श्रीमान पंकज जी भंडारी एवं पूर्व न्यायाधिपति श्रीमान प्रकाश जी गुप्ता के बांसवाड़ा आगमन पर सर्किट हाउस बांसवाड़ा में स्वागत किया गया

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढः राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर खंड के न्यायाधिपति श्रीमान पंकज जी भंडारी एवं पूर्व न्यायाधिपति श्रीमान प्रकाश जी गुप्ता के बांसवाड़ा आगमन पर उनका जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा की ओर से सर्किट हाउस बांसवाड़ा स्वागत किया गया।जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा के जिला महामंत्री तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया उक्त स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमान भगवत जी पुरी, तरुण कुमार अडीचवाल, राजेंद्र कुमार जैन ,दिनेश चंद्र ,हेमेंद्र नाथ पुरोहित, गौरव उपाध्याय ,जयपाल सिंह आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल ( जिला महामंत्री) जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा ने दी।



# मठ मंगलेश्वर में आज विप्र फाउण्डेशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**



कुशलगढ मठ मंगलेश्वर में आज विप्र फाउण्डेशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें जिला,तहसील एवं ग्रामीण पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र फाउण्डेशन के जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने की।सर्व प्रथम भगवान परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया एवं दीप प्रज्वलित किया गया। विप्र फाउण्डेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हेमेंद्र पंड्या ने शब्द सुमन द्वारा सभी विपजनो का स्वागत किया गया विप्र फाउण्डेशन के जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने कहा कि 29 नवम्बर को मध्यप्रदेश की सीमा पर सुबह दस बजकर तीस मिनट को राजस्थान में प्रवेश पर प्रथम स्वागत दानपुर हनुमान मंदिर पर दानपुर के विप्र जन पदाधिकारी एवं कुशलगढ़ के पदाधकारियों स्वागत करेंगे। प्रभारी होंगे जिला महामंत्री विप्र फाउण्डेशन के चंद्रशेखर शर्मा (शेखर बाबूजी),अमित दीक्षित,गजेन्द्र जोशी,महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष तिलोत्तमा पंड्या, देवेन्द्र जोशी की उपस्थिति में स्वागत किया जाएगा।उसके बाद बांसवाड़ा नगर प्रवेश पर टाइनी टॉस विद्यालय कागदी पिक अप साईं मंदिर मुख्य सड़क पर नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव ललित मोहन जोशी, अशोक पुरोहित के सानिध्य में स्वागत किया जाएगा। जोशी ने कहा कि आगामी 26 जनवरी को समूह यज्ञोपवित एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया है।उसके लिए मध्यप्रदेश और गुजरात के आसपास के गांव में प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने हेतु आह्वान किया। विवाह योग्य युवक युवतियों को बांसवाड़ा में आयोजित परिचय सम्मेलन में अवश्य भेजें ताकि वे अपने स्तर पर योग्य जीवन साथी का चयन कर सकें। युवकों के लिए 500/- शुल्क निर्धारित है। युवतियों एवं दिव्यांग के लिए कोई शुल्क नहीं है। जो समाजजन एक दिन पहले आना चाहते है। वे इस नंबर पर संपर्क करें। समुचित व्यवस्था हो सके। आयोजन तिथि बसंत पंचमी दिनांक26/01/2023.

निवेदक राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, बांसवाड़ा।मो नंबर 9413215026 पर संपर्क करे।विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा श्रीमती कैलाशबेन पत्नी स्व बिपिनचंद्र पंड्या कुशलगढ को आर्थिक सहयोग के रूप में चेक राशि रू 5000/ पांच हजार का त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रवीण चंद्र पंड्या को सुप्रत किया गया। कार्यक्रम में गिरीश पंड्या पुनीत दवे,अजय जोशी,देवशंकर पंड्या,प्रवीण पंड्या, डॉ मधुसूदन शर्मा,हरेंद्र पाठक,सुभाष चंद्र पंड्या तहसील अध्यक्ष, विनोद पानेरी जिला महामंत्री,ललित मोहन जोशी संरक्षक, ईश्वरदास वैष्णव नगर अध्यक्ष,नवनीत त्रिवेदी जिला महामंत्री, चन्द्र शेखर शर्मा, जिला महामंत्री, डॉ विकास भाई भट्ट विप्र वाहिनी प्रदेश महामंत्री, शांतिलाल बैरागी,राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, ओमप्रकाश जोशी, डॉ दिनेश भट्ट,दीपक जोशी विप्र वाहिनी जिला अध्यक्ष,विनय भूषण भट्ट युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, विपिन चंद्र भट्ट तहसील महामंत्री, भरत जी बागीदौरा,लोकेश आचार्य,अशोक पुरोहित,मनोहर जोशी,वासुदेव महेता, डॉ मुकेश उज्वल,सुरेश चंद्र भट्ट,नवीन कुमार ठाकुर,राजेश जोशी,देवेंद्र त्रिवेदी,मीडिया प्रभारी अरुण जोशी,सुनील शर्मा,अशोक जोशी आदि मौजूद रहे।संचालन विपिन चन्द्र भट्ट ने एव आभार व्यक्त हेमेंद्र पंड्या ने किया।

# कठूमर में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ राजकीय महाविद्यालय का भूमि पूजन कर और शिलान्यास

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। कस्बे के मरघट के पास चार करोड़ पचास लाख की लागत से बनने वाले राजकीय महाविधालय का भूमि पूजन मुख्य अतिथि एआईसीसी के महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह और मंत्री टीकाराम जूली व एससी वित्त आयोग के उपाध्यक्ष अवधेश बैरवा ने किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बाबूलाल बैरवा ने की। उसके बाद आमसभा में भंवर जितेंद्र ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुये कहां किसानो को खेत के लिये खाद की किल्लत बनी हुई है। केंद्र सरकार राजस्थान से सौतेला व्यवहार कर रही है। पूरी मात्रा में खाद नही भेज रही है। उन्होने कहा अगली बार कठूमर को एक रेक भेज दी जायेगी। कस्बे की मांग पर कहा परीसीमन में कठूमर को अलवर लोकसभा में जुडवाया जायेगा। वही आज देश में खतरे की स्थिति है। जाति धर्म के नाम पर झगडे बढ रहे है। इस लिये राहुल गॉधी की भारत जोडो यात्रा में 3500 किमी की पैदल कर रहे है। जो देश को जोडने का काम कर रही है। इस मौके पर मंत्री टीकाराम जूली नें प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुये कहां आपके खाते में 15 रू आ गये क्या, काला धन वापस आया क्या, मंहगाई कम हुई क्या। विधायक ने चार साल के सभी विभागो में कराये काम गिनाते हुये घोषणा की इस सत्र में कठूमर को नगर पालिका, और खेल स्टेडियम और खेड़ली में बालिका महाविधालय खुले जायेगे। इस मौके पर विधायक जौहरी लाल,दीपचंद खैरिया, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत,जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने सभा को संबोधित किया। वही अमिताभ बैरवा ,पिंकू शर्मा, कैलाश पाराशर,प्रकाश चौधरी, शिब्बोराम, भोवल जाटव, जगराम वैध, टिटपुरी सरपंच हरवीर चौधरी, कालेज प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने अतिथियो का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन गोपालसिंह नरूका, डॉक्टर जी एस नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़ प्रभारी एवं जिला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सेवादल दल जगत, एडवोकेट दुलीचंद मीणा जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल अलवर ,प्रधान जाकिर हुसैन लक्ष्मणगढ़, संजय यादव पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस मौजूद रहे। वही भंवर जितेंद्र सिंह और मंत्री टीकाराम जूली का कठूमर के लक्ष्मणगढ रोड़ पर यूथ कांग्रेस पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट राजेंद्र सोमावत के नेतृत्व में और टिटपुरी में गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला सह संयोजक हिमांशु शर्मा, जिला पार्षद संजना समूची, हरभजन ठेकेदार, ब्लाक संयोजक सीताराम शर्मा और सुरेंद्र कुमार के सानिध्य में माल्यार्पण प्रतीक चिंह से स्वागत किया।

# आचार्य दीदी और प्रधानाचार्य की 1 दिन की राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न विषयों की कार्यशाला आयोजित की गई

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**




कुशलगढः विद्या निकेतन बड़ोदिया में नवीन शिक्षा नीति के तहत बागीदौरा व कुशलगढ़ संकुल के समस्त आचार्य दीदी और प्रधानाचार्य की 1 दिन की राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न विषयों की कार्यशाला आयोजित की गई। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।अतिथियों का तिलक द्वारा स्वागत गोमती शंकर पंड्या, ऊपर्णा द्वारा स्वागत कुलदीप सिंह चौहान ने किया। अतिथि परिचय हितेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा संस्था प्रधान गोपाल राव ने बताया कि कार्यशाला में कुल 86 आचार्य दीदी सम्मिलित हुए। कार्यशाला प्रातः काल 9:00 से सायं 4:30 तक 4 सत्रों में संपन्न हुई ।प्रथम सत्र में कल्पेश ठाकुर ने पंचपदी शिक्षण पद्धति के बारे में बताया पंचपदी शिक्षण पद्धति से विषय की पाठ योजना का निर्माण कैसे हो, इस हेतु विषय अनुसार सत्र में पाठ योजना का निर्माण किया गया। द्वितीय सत्र में पूनम सोलंकी ने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में 0 से 8 वर्ष के बालकों की शिक्षा पद्धति की जानकारी दी कि इसमें बालकों को स्थाई रूप से सिखाने के लिए क्रियाआधारित शिक्षण किस प्रकार से करवाना चाहिए। तृतीय सत्र में गोमती शंकर पंड्या ने आनंददायि शिक्षा में बालकों को कक्षा के प्रति आकर्षण, विषय के प्रति रुचि और रचनात्मक कौशल का विकास का निर्माण हो सके ।चतुर्थ सत्र में कैलाश राव ने परंपरागत खेल में बताया की बालकों में खेल खेल से ज्ञान को स्थायी कर सकते है ।खेल में बालकों की विशेष रुचि होती है, अतःपरंपरागत खेलो के माध्यम से अध्ययन करवाना श्रेष्ठ है ।विद्या भारती संस्थान बांसवाड़ा के उपाध्यक्ष अनंत जोशी ने शिक्षा पद्धति को वर्तमान परिवेश शिक्षा विभाग में इसकी परम आवश्यकता बताई। पाठ योजना इतनी प्रभावी हो कि बालक आकर्षित हो तथा उसका ज्ञान स्थाई हो सके। बालकों के सर्वांगीण विकास में अध्यापक का शिक्षण,पाठ योजना, उसका व्यवहार इत्यादि परम आवश्यक है।अंत में आभार हरीश जी व्यास ने किया। संचालन महेंद्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह राव, सुरेश शुक्ला, भावना ठाकुर आदि ने सहयोग किया।

# ईटेडा गांव में शहीद चरणसिंह की प्रतिमा का भंवर जितेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ अनावरण

**मंत्री टीकाराम जूली व अवधेश बैरवा कार्यक्रम में रहे मौजूद।**

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



अलवर । पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने लक्ष्मणगढ़ के ईटेडा गांव में शहीद चरणसिंह की प्रतिमा का शहीद के परिजनों के साथ अनावरण किया। उन्होंने कहा कि अलवर के वीर जवानों ने देश रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहूति देकर जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि अपना सीना तानकर देश के सैनिक दुश्मनों की हर नापाक इरादों को नेस्तानाबूद करने के लिए सीमाओं पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि बहादुर सैनिकों की शहादत को देश कभी भुला नहीं सकेगा। उन्होंने कहा कि शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर है। शहीद वीर सपूतों पर हमें ना के केवल गर्व है बल्कि युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शहीद के परिजनों एवं वीरांगना ममता का शॉल ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। बेटे आयुष व बेटी आरुषि से शहीद स्मारक का रिबन कटवाया तथा शहीद के नाम से प्रवेश द्वार के लिए 5 लाख की घोषणा व गांव की मुख्य सड़क से शहीद स्मारक तक सड़क के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। शहीद के परिजनों को समाजसेवियों ने आर्थिक सहायता हेतु करीब 63 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भेंट की। इस अवसर पर विधायक दीपचंद खेरिया, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिला बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला महामंत्री डाँ जी एस नरूका पार्षद, मुकेश मीणा संयुक्त आयुक्त दिल्ली पुलिस कमांडेट एच जितिन, इंस्पेक्टर अंजू मीणा, अवधेश बैरवा,नेकीराम चौधरी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि.) द्वारा विप्र समाज की बैठक का आयोजन -

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**

बहरोड़ ।शहर में अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद् (रजि.) द्वारा विप्र समाज की सभा का सफलतापूर्ण आयोजन आई.टी. व मैनेजमेंट कॉलेज (बहरोड़) में किया गया! सभा की अध्यक्षता परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता विपिन कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा व नव नियुक्त संरक्षक महेंद्र शर्मा बहरोड़ द्वारा की गईं! सभा को संबोधित करते हुए पंडित अशोक बोहरा ने अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद की कार्यशैली की सराहना करते हुए सभा में उपस्थित सभी युवा साथियों का आभार व्यक्त किया! बैठक में परिषद के जिला अध्यक्ष के. आर. शर्मा, बहरोड़ अध्यक्ष रामकिशन शर्मा, मुंडावर अध्यक्ष पप्पू राम शर्मा व समाज के प्रतिष्ठित विप्र जनो ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए समाज को जोड़ने और समाज प्रगति के लिए अपने अपने विचार प्रकट किये! सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व विप्रजनो ने वचन लिया की वे सदैव विप्र समाज के कल्याण के कार्य के लिए तत्पर रहेंगें!

साथ ही सभा में नव नियुक्त पदाधिकारीयों को फूल माला पहनाकर व नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया! और साथ ही हाल ही में ईमानदारी की मिसाल बने विप्र जन महेंद्र कुमार शर्मा ग्राम नारेडा कला को भी फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया!



## टिटपुरी में संजना जाटव जिला पार्षद ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह मंत्री टीकाराम जूली का भव्य स्वागत किया

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। राजकीय महाविद्यालय शिलान्यास कार्यक्रम में आगमन पर रविवार को टिटपुरी में संजना जाटव जिला पार्षद के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का भव्य स्वागत समारोह किया गया। हरभजन ठेकेदार ने बताया कि 51 किलो फूलों का हार पहना कर पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह एवं मंत्री टीकाराम जूली सहित जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, विधायक, दीपचंद खैरिया, डी सी मीणा,जिला महामंत्री गिरवर सिंह नरूका पार्षद एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारियों का टिटपुरी स्टैंड पर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया।वही दर्जनों युवाओं ने हाथ में जिला पार्षद संजना समूची के समर्थन में पोस्टर झंडा बैनर लगाकर भव्य स्वागत कर समर्थन किया।



## श्रीमती कृष्णा देवी चिकित्सा द्वारा गांव कांकर दौपा में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

बहरोड़ ।उपखण्ड छेत्र कांकर दौपा गांव में श्रीमती कृष्णा देवी न्यूरो थेरेपी हेल्थ केयर सेंटर बहरोड तत्वाधान में निशुल्क न्यूरो थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया।डॉ भूपेंद्र यादव न्यूरो एक्सपर्ट ने बताया कि कैंप में 150 मरीजों की चिकित्सा की गई कैंप में बीमारियों का निशुल्क इलाज किया गया जोड,कमर दर्द, सर्वाइकल, एड़ी दर्द पिंडलियों का दर्द पैरों में दर्द अस्थमा, पैरालाइसिस,लकवा,मिर्गी दौरे, डिप्रेशन,माइग्रेन,मंदबुद्धि बच्चे, पेट संबंधित सभी समस्या का संतोष जनक इलाज किया गया ।इस दौरान कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा,वरिष्ठ सदस्य एसपी कल्याणपुरा, कबूल सिंह दुधेडा,दीपक यादव कारोड़ा, भूप सिंह तलवाड,कबूल सिंह काकरदौपा, सोमदत्त शर्मा, लालाराम, बिल्लू पंच, शुदर्शन पंच ,ऋषि यादव, राव धौलू, एवं युवा शक्ति काकर दोपा की टीम ने अपना पूरा सहयोग दिया व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## टीम मानवता ने जन्मदिन पर गरीबों को शाल, कंबल भेंट किये

**मरूधर विशेष राकेश कुमार बंसल छत्तीसगढ़**

गौरेला,छत्तीसगढ़। गौरेला,पेंड्रा व मरवाही की टीम मानवता की अनुपम पहल ₹खुशियों के पल अपनों के संग₹ के तहत गौरेला किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष समाजसेवी पीयूष अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर आदिवासी ग्रामीण अंचल पीड़ा बान घाट में स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े, बिस्किट, आदिवासी महिलाओं व बुजुर्गों को शॉल, कंबल और मिठाइयां वितरित की गईं। शहर के युवाओं को पाकर गाँव गरीब बच्चे, बुजुर्ग खुशी से फूले नहीं समाये । बुजुर्गों ने पीयूष अग्रवाल को जन्मदिन पर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की टीम मानवता के जिलाध्यक्ष संनी आगवानी, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, महामंत्री पुष्पेंद्र पार्टी, समाजसेवी जितेंद्र जैन ,मिथलेश साहू, राहुल सेन ,अक्षय केसरी, अनस नवीन जायसवाल और ग्रामीण उपस्थित रहे।



## कठूमर विधानसभा क्षेत्र में आगमन पर भंवर जितेंद्र सिंह व मंत्री टीकाराम जूली का आदित्येंद्र खेरली रेल ने किया भव्य स्वागत

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। राजकीय महाविद्यालय शिलान्यास कार्यक्रम में आगमन पर रिसीविंग पॉइंट पर खेरली रेल के समाजसेवी आदित्येंद्र कुमार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का भव्य स्वागत समारोह किया गया। आदित्येंद्र ने सभी अतिथियों में जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा , जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, विधायक दीपचंद खैरिया , डी सी मीणा, जिला महामंत्री डाँ गिरवर सिंह नरूका एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।



## दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की बहनों द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एकादशी के उपलक्ष में भजन संध्या की गई

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढःविश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की बहनों द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एकादशी के उपलक्ष में भजन संध्या की गई।विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया कि उक्त भजन संध्या में दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका साक्षी दक मातृशक्ति जिला सत्संग प्रमुख मिथिलेश जी कौशिक जिला बालसंस्कार साधना देवड़ा मातृशक्ति नगर संयोजिका नैना जैन जसोदा भाटिया अंजना में ठानी प्रतिभा जैन राजेश्वरी चौधरी कमलेश शक्तावत सावित्री शर्मा सर्मिष्ठा आचार्य सुनीता कौशिक उषा परमार रेखा जैन विद्या ज्योति आदि बहनों ने भजन संध्या में भाग लिया। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा ने दी।



# पढ़ाई लिखाई का साथ सह शैक्षिक गतिविधियों सुयोग्य नागरिक बनाने में सहायक- क्षैत्रिय विधायक रमिला खड़िया

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढ़ः बांसवाड़ा जिले के राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ ब्लॉक कुशलगढ़ में चल रहे पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में आज चौथे दिन क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रमिला खड़िया ने स्काउट गाइड के साथ सहभागिता की।राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कुशलगढ़ के सचिव दिग्पाल सिंह राठौड़ एवं शिविर प्रभारी प्रेम प्रकाश जाटव ने बताया कि स्काउट गाइड की वार्षिक योजना अनुसार कुशलगढ़ में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका इंदिरा कॉलोनी ( समन्वित विद्यालय ) में पांच दिवसीय स्काउट गाइड तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर 17 नवंबर से चल रहा है जिसमें कुशलगढ़ ब्लॉक के 174 स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं जिसमें स्काउट गाइड के तृतीय सोपान से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी जा रही हैं आज रविवार होने के कारण प्रातः 9:00 हाइक का कार्यक्रम गौरव पथ पर रखा गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रमिला खड़िया ने गौरव पथ पर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम बस्ती में तृतीय सोपान प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर स्काउट गाइड की 325 फीट लंबी एवं 125 फीट चौडे भूखंड पर आज स्काउट स्थानीय संघ के स्वामित्व का बोर्ड लगाया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक महोदय ने सहभागिता करते हुए स्काउट गाइड को से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ साथी सहशैक्षिक



गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए सहशैक्षिक गतिविधियां ही हमें श्रेष्ठ नागरिक बनाने में सहायक है । स्थानीय संघ सचिव दिग्पाल सिंह राठौड़ ने विधायक महोदया को बताया कि स्काउट गाइड गतिविधियां चार भागों में बंटी हुई है जिसमें तीन से पांच वर्ष तक के बालक, बालिका ,बनी/ टमटोला कहलाते हैं, छः से दस वर्ष तक के बालक,बालिका, कब / बुलबुल कहलाते हैं,। ग्यारह से अठारह वर्ष के बालक,बालिका स्काउट/ गाइड कहलाते हैं ओर अठारह वर्ष से ऊपर के बालक,बालिका रोवर/ रेंजर कहलाते हैं , यहां स्काउट गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण के सम्भागी उपस्थित हैं।विधायक महोदय ने अपने बचपन के गुरुओं को भी याद करते हुए कहा कि गुरु के माध्यम से ही शिष्य अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ सकता है उन्होंने अपने बाल्यकाल में लोहारिया बड़ा में किए गए अध्ययन के विषय में भी स्काउट गाइड को जानकारी दी और कहा कि जितना गुरु हमको तपाएगे उतने ही हम निखर सकेंगे । कार्यक्रम के दौरान विधायक महोदय ने स्काउट गाइड की भूमि पर चारदीवारी बनाने में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर 174 स्काउट गाइड एवं स्काउट स्टाफ में रामदास परमार, कैलाश लासुण , दिव्या पंड्या , मिठिया कटारा, पदमसिंह अड, ऊषा भूरिया, मिनाक्षी नीमा, राकेश डामोर, सुजित जोशी , उर्मिला मकवाना आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव दिग्पाल सिंह राठौड़ ने किया ।

# बाल विहार स्कूल, अलवर में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा शहर अलवर द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड में सदस्य सीताराम शर्मा नेहरू विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बाबूलाल टिलावला, डॉ. जे. एस. शर्मा (वरिष्ट मानसिक रोग विशेषज्ञ), तहसीलदार सुश्री मोनिका शर्मा व कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज शर्मा ने मां सरस्वती, श्रीगणेश व महर्षि हरित जी के चित्र पर माल्र्यापण कर व दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया।तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि को शहर अध्यक्ष मनोज शर्मा सहित समाज के पूर्व अध्यक्षो, वरिस्ठ समाज बंधुओं ने माल्यापर्ण व साफा पहनाकर, एवं पुष्प गुच्छा प्रदान कर स्वागत किया।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने कक्षा 10, 12 व स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकि कोर्स में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले व अन्य क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वाले व राजकीय सेवा में नियुक्त हुए कुल 101 छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सीताराम शर्मा ने उपस्थित समाज बन्धुओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि समाज में इस तरह के उत्साह वर्धक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए जिससे समाज में स्थित प्रतिभाओं का पता चल सके व नई प्रतिभाओ को आगे आने व बढने की दिशा मिल सके। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से समाज की एकजुटता को बल मिलता है व विचारों का आदान प्रदान होता है। डॉ. जे. एस. शर्मा ने कहा की समाज बन्धुओं को इस तरह की प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन करने के साथ साथ अच्छे संस्कार देने योग्य अन्य कार्यक्रमों को भी किया जाना चाहिए। जिससे उन प्रतिभाओं में अपने समाज व परिवार



का नाम रोशन करने व गौरव बढाने की शक्ति को बल मिल सके।

सुश्री मोनिका शर्मा ने कहा की जिस प्रकार से मेरे माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों ने मेरा उत्साह बढ़ाते हुये मुझे मेरे इस मुकाम तक पहुचानें में हर प्रकार का सहयोग व परिश्रम किया, इसी प्रकार से इस समारोह में सम्मनित हुये प्रतिभाओं के परिजनों से आग्रह है कि उनके मुकाम ल लक्ष्य की प्राप्ति तक उनका हर प्रकार से सहयोग व ललक बढ़ायें एवं उनके भविष्य हेतु आगामी अध्ययन प्रक्रिया में भी पूरा मन लगाकर ध्यान देना चाहिए जिससे वो अपनी पढाई से भटके नहीं और सही मायने में निखर कर आ सके।

विशिष्ट अतिथि बाबूलाल टिलावला ने कहा कि प्रतिभाओं को अपने माता-पिता एवं गुरूजनों द्वारा बताये हुये मार्ग पर कठिन मेहनत करते हुये अपने मुकाम तक पहुंचकर ही रूकना चाहिये एवं शिक्षा के क्षेत्र एवं राजनैतिक क्षेत्र में किन किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है उन विषयों पर भी विस्तार से बतातें हुये समाज के एकजुटता पर विचार रखते हुये व इसी प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करते रहने पर बल दिया।अध्यक्षता कर रहें मनोज शर्मा ने कहा कि समाज में व्यापत कुरूतियों को समाप्त करने के लिये सभी समाज बन्धुओं आगे आकर संकल्प लेना चाहिए जिससे आगे आने वाली समाज की मेघावी धरोहरों में अच्छे संस्कार व गुण प्राप्त हो सकें। अन्त में शहर अध्यक्ष मनोज शर्मा ने उपस्थिति सभी समाज बन्धुओं का हार्दिक आभार व धन्यवाद ज्ञापित कर सभी से आगे भी समाज के कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम का मंच संचालन जय कृष्ण शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नन्द किशोर शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, योगेश चंद शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, लखपत राम शर्मा, बाबूलाल शर्मा, प्रमोद शर्मा घनश्याम शर्मा, खेमचंद शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा, गिर्राजप्रसाद शर्मा, हुकम चन्द शर्मा,भुदर लाल शर्मा,रमेश चंद, बाबूलाल शर्मा, मूलचन्द शर्मा, अरविन्द शर्मा, किशनलाल शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, महेश दत्त शर्मा, विधाधर शर्मा, नरेश शर्मा, कैलाश चंद शर्मा,तेजपाल शर्मा,राकेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, पुरूषोत्तम शर्मा, जयप्रकाश, राजेश, विनोद, महेश शर्मा,,नरेंद्र शर्मा,सहित सैंकडों समाज बंधु, महिला एवं बच्चे उपस्थित हुए।

# स्वामीविवेकानंद मय हुआ अलवर

**मरुधर विशेष ब्यूरो चीफ रुपेश शर्मा**

कलकत्ता के पश्चात अलवर ही वो स्थान था जाँह विवेकानंद जी को स्वामी का नाम मिला और अलवर प्रवास के बाद ही वो अमेरिका की धर्म संसद में रवाना हुए थे! स्वामी जी के जीवन में अति मह्यवपूर्ण स्थान अलवर में आज जोश के निकाली गयी विवेकानन्द संदेश यात्रा !आज दिनांक 20 नवम्बर 2022 को विवेकानन्द केंद्र कन्याकुमारीं के पचास वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष में संस्कर्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विवेकानन्द संदेश यात्रा द्वारा विवेकानंद स्मारक रघुमार्ग अलवर से सायकल रैली का आयोजन किया गया जिसमे सायकल रैली को अलवर शहर विधायक संजय शर्मा समिति संयोजक डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया रैली में २५० से अधिक लोगों ने भाग लिया सायकल रैली में अलवर पेडल्स ग्रुप का विशेष सहयोग रहा जिसमे डॉक्टर कान्ति प्रसाद शर्मा, गोरव गांधी, वीरेन्द्र शर्मा, किशनसिंह चौहान, आशीष वाधवा, अशोकलेमिनेशन, दीपक गुप्ता, संजीव कारगवाल, अमित गुप्ता, विसन कालरा, मुकेश गुप्ता, मोहित घाई, पीयूष नितिन अमित साकेत आदि ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ! सायकल रैली विवेकानंद स्मारक से शुरू होकर बिजली घर, भगत सिंह चौराहा, काशीराम, घंटाघर, होप सर्कस, पुलिस कंट्रोल रूम मनु मार्ग, एसएमडी होतीहुई अशोक सर्कल के बाद शाहिद स्मारक पर समाप्त हुई! इसके बाद रक्तदान सिविर का आयोजन किया गया जिस में २० यूनिट रक्तदान हुआ सायकल रैली एवम् रक्तदान में अलवर पेडल्स का



विशेष सहयोग रहा। इसके बाद विवेकानन्द चौक से शोभायात्रा स्वामी जी की प्रतिमा पर स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्या कुमारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए बालकृष्णन ने माला पहना कर व अलवर नगर परिषद सभापति घन श्याम गुर्जर ने हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया शोभायात्रा में घोड़े पर शशांक झालनी उसके बाद आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ७५ बालक स्वामी विवेकानंद के रूप में विद्यार्थी चल रहे थे, उनके पीछे जैन बीएड कॉलेज की ७५ बालिकाएं स्वामी विवेकानंद के रूप में एवम् प्रिंसिपल अनीता जैन मेय समस्त स्टाफ केसरिया साफ पहन कर चल रहे थे, मध्य में हाथो में तिरंगा ध्वज लेकर ७५ युवा भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष तरुणजैन के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंदके जय घोष लगाते हुए आगे बड़ रहे थे!

शोभायात्रा में विवेकानंद संदेशयात्रा के राष्ट्रीय यात्रा संयोजक डॉक्टर स्वतंत्र शर्मा, प्रांत संयोजक प्रांजली दीदी, अशोक खंडेलवाल, राजनायर सह यात्राप्रभारीं , ओमप्रकाश विभाग प्रभारी, अलवर आयोजन समिति के संयोजक डॉक्टर कृष्ण कुमार गुप्ता, सह संयोजक शाशांक झालनी, रमेश अग्रवाल, जिनेंद्र जैन, अशोक मित्तल, सुरेश मेठी, प्रदीपगोयल, अमित गोयल, डॉक्टर पंकज गुप्ता मीडिया प्रभारी यात्रा के साथ चल रहे थे! अलवर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुइ यात्रा का विभिन्न संघठनों नें पुष्प वर्षा कर स्स्वागत किया जिसमे अग्रवाल महासभा, ओस्वाल जैन स्कूल, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, माधव सेवा समिति, भारत विकास परिषद, लघु उद्योग भारती, ब्रिज भूमि कल्याण परिषद, गीता परिवार आदि अलवर के संगठनों नें पुष्पवर्षा कर एवम् अल्पाहार देकर शोभा यात्रा का स्वागत किया ! शोभा यात्रा का समापन शाहिद स्मारक पर हुआ, समापन के अवसर पर स्वामी जी के जीवन पर आधारित चलचित्र लघु कथा दिखाई गई ० नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वामी जी का संदेश जागो उठों आगे बढ़ो का संदेश दिया गया! अंत अल्पाहार वितरित कर यात्रा संयोजक डॉक्टरकृष्ण कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया!

# अलवर प्रभारी मंत्री बी डी कल्ला ने जिला स्तरीय अधिकारियों की 20 सूत्री कार्यक्रम सहित अलग-अलग मुद्दों पर ली बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**मरुधर विशेष चीफ रिपोर्टर युवराज शर्मा**

अलवर प्रभारी मंत्री बी डी कल्ला रविवार को अलवर पहुंचे। उन्होंने अलवर के जिला परिषद में जिला स्तरीय अधिकारियों की 20 सूत्री कार्यक्रम सहित अलग-अलग मुद्दों पर बैठक लेते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए बीडी कल्ला ने कहा कि कांग्रेस एक जुट है। लेकिन भाजपा में फूट है। कांग्रेस के नेता स्वतंत्र हैं। लेकिन भाजपा में वसुंधरा राजे हो या फिर कोई और उनको स्वतंत्रता नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। यात्रा के रूट में बदलाव पर मंत्री ने चुप्पी साधे रखी। तो वहीं अलवर के मुद्दे पर मंत्री चुप नजर आए प्रभारी मंत्री बीड़ी कला रविवार को अलवर पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों की मीटिंग ली। साथ ही कांग्रेसियों से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए तैयारियों का जायजा लिया। रविवार सुबह जिला परिषद सभागार में अधिकारियों की एक मीटिंग लेते हुए अलवर जिले में बढ़ते साइबर क्राइम, जमीनों के फजीर्वाड़े सहित



विभिन्न मुद्दों पर निर्देश दिए। उसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कांग्रेस में कोई फूट नहीं है। कांग्रेस एक है, लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। भाजपा में हालात खराब है। भाजपा में नेताओं को कुछ भी बोलने का अधिकार नही है। नेताओं को यात्रा निकालने का अधिकार नहीं है। वसुंधरा राजे की यात्रा पर पार्टी ने रोक लगा दी है। जबकि कांग्रेस पार्टी में ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में सभी को सहयोग करते हुए जुड़ना चाहिए। गुर्जर समाज व मीणा समाज के विवाद पर मंत्री ने चुप्पी साधे रखी। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमको जानकारी नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो अलवर के लोगों की समस्या सुनने के लिए समय-समय पर जन सुनवाई कर रहे हैं व लोग अपनी समस्या उनके सामने रख सकते हैं।

अलवर जिले में जमीनों पर कब्जे के मामले पर मंत्री ने कहा कि जो मामला न्यायालय में है। उस मामले को उच्च न्यायालय में जाना चाहिए। तो मंत्री टीकाराम जूली, जुबेर खान व रामगढ़ विधायक के मुद्दे पर मंत्री ने चुप्पी साधे रखी कुछ भी बोलने से मना कर दिया। अलवर की विज्ञान नगर व शालीमार कॉलोनी के मामले पर मंत्री ने तुरंत जिला कलेक्टर को निर्देश दिए और लोगों की समस्या का समाधान करने के आदेश दिए। कांग्रेस पार्टी में आपसी विवाद के सवाल पर मंत्री बीड़ी कल्ला बच्चे दिखाई दिए

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से ट्रांसजेंडर दिवस मनाया गया

धौलपुर में कार्यालय सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं जिला विधिक प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में नगरपरिषद के सभागार में 20 नवंबर को ट्रांसजेंडर दिवस मनाया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव सुनीता मीणा ने उपस्थित ट्रांसजेंडरों को ट्रांसजेंडर दिवस की बधाई दी।इस मौके पर मीणा ने उपस्थित ट्रांसजेंडरों को उनके कानूनी अधिकारों के एवं अन्य अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की।इस मौके पर राजस्थान की प्रथम किन्नर पार्षद शोभा बाई ने ट्रांसजेंडर दिवस के अवसर पर देश के सभी ट्रांसजेंडर्स को बधाई देते हुए सभी से एकजुट एवं संगठित होकर समाज की सेवा करने का आह्वान किया। इस मौके पर किन्नर शोभा बाई की टीम ने देशभक्ति से साराबोर गीत भी पेश किये और उपस्थित लोगोंकी वाहवाही लूटी।इस मौके पर धौलपुर की प्रथम महिला ट्रांसजेंडर देविका मंगलामुखी ने उपस्थित लोगों का




अभिवादन किया एवं अपनी व्यक्तिगत जिंदगी में कैसे संघर्ष किया एवं आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे आज भी उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। इस मौके पर सामाजिक अधिकारिता विभाग के निदेशक शेखावत, अतिरिक्त चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चेतराम मीणा, ट्रांसजेंडर देविका मंगला मुखी, आगरा से आई ट्रांसजेंडर खुशबू नंदगिरी, ट्रांसजेंडर रिंकी, किन्नर निशा बाई, शिवानी बाई, ट्रांसजेंडर मुस्कान आदि उपस्थित थे।

# चर्चा का विषय बना जलालपुर दलित महिला के दुष्कर्म की घटना

**मरुधर विशेष/संवाददाता रमेश पटेल**

उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के अंतर्गत बछरावां बीते दिनों पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी की शिकायत के बाद ग्राम सभा जलालपुर की दलित महिला की लिखित शिकायत जिसमें प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान हंसराज और एक अन्य के साथ मिलकर दुष्कर्म की घटना को लेकर बछरावां क्षेत्र ही नहीं पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है वही दैनिक समाचार पत्रों में लगातार खबरें चलाई जा रही हैं कि प्रधान प्रतिनिधि के पक्ष में दलित महिला के बेटों की जुबानी भी चलाई जा रही है वह लगभग 1 सप्ताह पूर्व ग्रामसभा जलालपुर के पटेल शिव कुमार द्वारा दलित महिला की दुष्कर्म की शिकायत के बाद खबर प्रकाशन कराया गया जिस पर प्रधान प्रतिनिधि हंसराज व राजेंद्र के पुत्र के




अलावा दो अज्ञात लोगों ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी और भद्दी भद्दी गालियां की घटना को अंजाम दिया गया जिस पर पत्रकार शिव कुमार सिंह ने थाना बछरावां में लिखित तहरीर दी और क्षेत्राधिकारी महाराजगंज को फोन के जरिए घटना को अवगत कराया वही गांव के शिव कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में प्रधान प्रतिनिधि हंसराज के खिलाफ दुष्कर्म की लिखित शिकायत और मुकदमा भी चलाया गया था और उस समय में गांव के प्रधान थे उसके बाद आज भी वह मामला विचाराधीन है और इस महिला द्वारा प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई जा रही है तो अब सवाल उठता है कि इस घटना को लेकर सच्चाई क्या है यह जांच के उपरांत ही पता चलेगा वही समाचार पत्रों में दुष्कर्म पीड़ित महिला के पुत्रों की जुबानी चलाई जा रही है लेकिन सच्चाई क्या है क्योंकि दुष्कर्म की शिकायत के पूर्व सप्ताह में उस दलित पीड़ित महिला ने अपने बड़े बेटे के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत देकर मांग की थी कि हमको हमारे हिस्से की जमीन और घर दिलाया जाए बड़ा लड़का उसको भगा रहा था वही अब चर्चा है वही लड़का अपनी मां से कह रहा है कि प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ जो शिकायत की है उसे वापस ले लो अब घर और जमीन और पिता की मृत्यु के उपरांत जो भी रुपया मिला है उसको सब देने को तैयार है तो सवाल उठता है कि पूर्व में जो लड़का मां को भगा रहा था अब वह सारी संपत्ति देने को तैयार है इसके पीछे क्या कारण है अब चर्चा है कि बलात्कार की शिकायत वापस लेने के पीछे उसके परिवारी जनों पर द्वारा लालच दिया जा रहा है अब देखना है कि सच्चाई क्या है महिला अपने ऊपर दुष्कर्म की घटना की शिकायत वापस लेगी या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा या प्रशासनिक कार्यवाही होगी या सब भविष्य के गर्त में छुपा हुआ है।

# थाना शाहजहांपुर की प्रभावी कार्रवाई जेसीबी चोरी की घटना का 12 घंटे में किया पदार्फास

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

शाहजहांपुर। थाना शाहजहांपुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए जेसीबी चोरी की घटना का 12 घंटे में किया पदार्फाश चोरी गई जेसीबी बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार भिवाड़ी के आदेशानुसार जगराम मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निर्माण के निर्देशक महावीर सिंह वृत अधिकारी नीमराणा के निकटतम सुपरविजन में शाहजहांपुर थाना अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में चोरी वह नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के मुलजिम जैबुन उर्फ सलीम को चोरी की गई जेसीबी सहीत गिरफ्तार किया



थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि 18 नवंबर 2022 को संदीप पुत्र अर्जुन सिंह निवासी हनुमाना खुर्द एक रिपोर्ट दर्ज कराई की 17 तारीख को रात्रि के समय काम करने के पश्चात सौभाग्य बीकर्स बहरोड पर उसकी जेसीबी खड़ी थी जो सुबह 18 तारीख को 6:00 बजे देखी गई तो वहां नहीं मिली व जेसीबी ऑपरेटर जुबेन उर्फ सलीम खान पुत्र अशरफ जाति में उम्र 28 साल निवासी कचरोटी थाना गोविंदरगढ़ अलवर भी नहीं मिला सलीम को फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था।सूचना मिलने पर थाना अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसे अलवर भरतपुर रवाना किया गया टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन वह मुलजिम जुबेन को गिरफ्तार किया वह पूछताछ जारी की।थाना अधिकारी द्वारा गठित की गई टीम में विक्रम सिंह थाना अधिकारी थाना शाहजहांपुर, वीरेंद्र सिंह थाना शाहजहांपुर, यादराम कांस्टेबल थाना शाहजहांपुर, महेंद्र कांस्टेबल थाना शाहजहांपुर,

# सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कॉलेज बेला खारा रायबरेलीमें 20वां वार्षिकोत्सव भव्य समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ ’

**मरुधर विशेष/ शिवकुमार मौर्य**

रायबरेली - राही ब्लाक क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में स्थापित सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कॉलेज बेला खारा, में दिनांक 20 नवंबर 2022 को 20वां वार्षिकोत्सव भव्य समारोह बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गयो जिसमे विद्यालय के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवम् वर्तमान विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश माननीय स्वामी प्रसाद मौर्य जी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश श्री आर0 एस0 कुशवाहा जी, डायरेक्टर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल श्री शशिकांत शर्मा जी ,राही ब्लाक प्रमुख श्री धर्मेंद्र यादव जी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान विद्यालय संस्था अध्यक्ष श्री दया शंकर मौर्य ,संस्थापक श्री ओम प्रकाश मौर्य ,विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार यादव जी के द्वारा माल्यार्पण व बुक्के प्रदान कर किया गयो माननीय मुख्य अतिथि जी द्वारा विशिष्ट अतिथि एवं अभिभावकों की गरिमामयी



उपस्थिति में दीप प्रज्वलन व नवनिर्मित स्मार्ट कक्ष का उद्घाटन किया गया ,साथ ही साथ विद्यालय के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभाशाली व मेधावी विद्यार्थियों को माननीय मुख्य अतिथि जी के द्वारा प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सम्मानित किया गया और विद्यालय की व्यवस्था, अनुशासन व शिक्षा की उपलब्धि पर माननीय मंत्री जी ने अपने विचार रखे तथा विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती विनती शुक्ला जी के द्वारा विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार यादव जी ने कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं अभिभावकों , अतिथियों एवम् विद्यालय स्टाफ को अपना अमूल्य समय देने के लिए हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का सफलता पूर्वक समापन कियो

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक, सम्पादक आर.बी.नरूका के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। सह-सम्पादक-महावीर सिंह चौहान। मो.99281-68697, 7014373732